दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली मंगलवार 09 जून -2026 | वर्ष : 11 अंक : 166 पेज-09 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, इमारतें गिरीं

## 35 की मौत, 2 घंटे में 138 झटके आए, सुनामी की चेतावनी जारी

**आपदा**

**4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, सैंटोर शहर में सबसे ज्यादा नुकसान**

**ऐसा जलजला नहीं देखा! खिलौने की तरह गिरीं इमारतें! दहशत, तबाही**






**नई दिल्ली।** फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है।

भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया।

फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्क्स) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही।

7 लाख से ज्यादा आबादी वाले बंदरगाह शहर जनरल सैंटोस में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां कई इमारतों में दरारें आ गईं, कुछ छोटी इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं और एक पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन अधिकारियों के मुताबिक शहर में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई और करीब 130 लोग घायल हुए हैं।

दक्षिण कोटाबाटो, दावाओ ऑक्सिडेंटल और बालुत द्वीप समेत अन्य दक्षिणी इलाकों में भी 9 लोगों की मौत हुई। इनमें कुछ लोग गिरते मलबे, एक क्षतिग्रस्त मस्जिद और भूस्खलन की चपेट में आ गए।

अधिकारियों ने बताया कि जनरल सैंटोस में एक दो मंजिला स्कूल इमारत के गिरने की खबर के बाद राहत और बचाव अभियान चलाया गया। आशंका जताई गई कि कुछ छात्र मलबे में फंस सकते हैं। वहीं पुलिस के अनुसार शहर में कम से कम 7 लोग लापता हैं।

सोमवार को गर्मी की छुट्टियों के बाद देशभर के सरकारी स्कूल खुले थे। दक्षिणी क्षेत्र के अधिकारियों के मुताबिक सुबह ध्वजारोहण समारोह में शामिल 100 से ज्यादा छात्रों को हल्की चोटें आईं, जबकि कई बच्चे घबराहट के कारण बेहोश हो गए।

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि उन्होंने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत-बचाव अभियान शुरू करने को कहा है।

**इंडोनेशिया में भी भूकंप के झटके महसूस हुए :** भूकंप का असर फिलीपींस से बाहर भी महसूस किया गया। इंडोनेशिया के उत्तर सुलावेसी और उत्तर मलुकु क्षेत्रों में झटके महसूस हुए। मनाडो शहर के लोगों ने बताया कि कंपन काफी तेज था।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर आज आएंगी गाजियाबाद

## यूपी गेट पर मयंक गोयल के नेतृत्व में होगा स्वागत

**आगमन**

**राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर अंब्रोसिया बैंक्विट हॉल में कार्यकर्ताओं से करेंगी संवाद**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर का 9 जून को गाजियाबाद आगमन प्रस्तावित है। उनके स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उनका स्वागत करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 7:30 बजे यूपी गेट, गाजियाबाद पर स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

इसके उपरांत दोपहर 3:00 बजे पटेल नगर स्थित अंब्रोसिया बैंक्विट हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विजया रहाटकर कार्यकर्ताओं के विचार एवं सुझाव सुनेंगी तथा महिलाओं और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगी।

भाजपा महानगर इकाई के अनुसार संवाद कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

# किसान के घर का ताला तोड़कर लाखों के गहने और नकदी चोरी




**मोदीनगर।** भोजपुर के किल्हौड़ा में चोरों ने किसान सोहनपाल सिंह के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर ली। किसान का आरोप है कि पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। किसान ने डीसीपी से मामले की शिकायत की है। गांव किल्हौड़ा के रहने वाले सोहनपाल सिंह किसान हैं। बृहस्पतिवार रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। आरोप है कि तभी चोरों ने मौका देखकर घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ली। सोहनपाल सिंह ने गांव निवासी तीन युवकों पर चोरी का आरोप लगाते हुए घटना की तहरीर दी। आरोप है कि थाना पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। किसान ने डीसीपी ग्रामीण से मामले की शिकायत की है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संडे की शाम सांसद अतुल गर्ग ने रामलीला के 52 कामों को बताया बेस्ट

## मंडे की सुबह सवा छह बजे क्यों हो गए सर्फ वाले लाला जी ग्रुप से लेफ्ट






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वो शहर की सबसे पुरानी रामलीला है और इस रामलीला में चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। रणभेरी से पहले मंडी वाले अपना पैनल घोषित कर चुके थे और सर्फ वाले लाला जी फोन कर करके सबसे पूछ रहे थे कि यदि इजाजत हो तो मैं चुनाव लड़ लूं क्या।

हो सकता है कि लाला जी सर्वे कर रहे हों और संभावनाएं तलाश रहे हों। माना जा रहा था कि गुप्ता जी चुनाव जरूर लड़ेंगे। पहले भी लड़ चुके हैं। इसी बीच संडे वाली शाम मौजूदा कमेटी ने अपने कार्यकाल में किये गये 52 कामों को गिनाया। बाकायदा बुकलेट तैयार कराई है, पूरी पारदर्शिता रखी है और किसी भी काम पर किसी को भी डाउट हो तो सबकुछ लिखित में है, ऑन रिकॉर्ड है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के करकमलों से कार्यकाल में कराये गये कार्यों की इस लिस्ट का अनावरण हुआ। सांसद अतुल गर्ग ने इस परिपाटी को अच्छा बताया।

उन्होंने कहा कि सबने कार्य कराये हैं और ये एक अच्छी शुरूआत है कि जब पारदर्शी तरीके से सबके समक्ष अपने कार्य रखे गये हैं। सांसद अतुल गर्ग जनप्रतिनिधि हैं और सामाजिक सरोकारों से जुड़कर चलना ही पड़ता है राजनीति में। वैसे भी वो शहर विधायक रहे हैं तो उनका एक पुराना नाता शहर की संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों से है। शहर की परंपराओं से जुड़कर चलते हैं। सबको जोड़कर चलते हैं, लेकिन रामलीला में कमाल तब हो गया जब अध्यक्ष पद का एक उम्मीदवार मंडे की सुबह सवेरे ही रामलीला के ग्रुप से लेफ्ट हो गया।

सांसद ने मौजूदा कमेटी के 52 कार्यों को बेस्ट बताया और रामलीला के एक संभावित उम्मीदवार पता नहीं किस कारण से व्हॉट्सएप ग्रुप से लेफ्ट हो गये। ऐसा लग रहा है कि सर्फ वाले लाला जी ने किसी तरह से रात गुजारी है और सुबह सवेरे सवा छह बजे वो ग्रुप से लेफ्ट हो गये।

ये वो समय है जब लोग मॉर्निंग वॉक करते हैं, अपने ईष्ट को याद करते हैं, राम का नाम लेते हैं, लेकिन रामलीला से जुड़े अध्यक्ष पद के दावेदार सुबह सवेरे ग्रुप से लेफ्ट हो गये। लेफ्ट होने के पीछे राइट कारण क्या है ये फिलहाल लालाजी के दिल में एक रहस्य की तरह छिपा है। बहरहाल सांसद जी की बेस्ट प्रतिक्रिया के बाद लालाजी के लेफ्ट होने का किस्सा राम वालों में गूंज रहा है।

# दस जून को बनेगा शहर गाजियाबाद में एक अद्भुत सियासी संयोग

## सांसद अतुल गर्ग और अध्यक्ष मयंक गोयल एक साथ करेंगे मंदिर में पूजा-अर्चना




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति और धर्म एक सिक्के के दो पहलू कहे जाते हैं और राजनीति वाले जब धर्म से जुड़कर कुछ करते हें तो सभी की निगाहें रहती हैं। फिलहाल भाजपा का कार्यक्रम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूरे होने पर अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं, इनमें मंदिरों में पूजा पाठ भी होगा। सियासत वालों का पूजा करना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन शहर विधानसभा में 10 जून को एक अद्भुत संयोग बनने जा रहा है। ये संयोग ऐसा है कि विधानसभा शहर वाली है और यहां मंदिर में प्रार्थना के फ्रेम से शहर विधायक संजीव शर्मा ही बाहर रहेंगे। 10 जून को एक ऐसा योग बनेगा जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एक साथ मिलकर पूजा करेंगे। ये संयोग इसलिए भी माना जा रहा है कि जब पूजा वाला योग होगा तो यहां सांसद अतुल गर्ग के अतिप्रिय विधायक संजीव शर्मा उनके साथ नहीं होंगे। यहां मयंक गोयल उनके साथ होंगे। सियासत वाले इस समीकरण को समझ रहे हैं। सवाल ये भी उठ रहा है कि ये कैसा योग है जब शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारकाधीश से विशेष पूजापाठ और कथा कराकर लौटे हैं। जब 12 साल की केन्द्र सरकार की उपलब्धियों की खुशी है और भगवान के समक्ष पूजा वाले सीन में शहर विधायक ही नहीं है। रोचक तथ्य ये भी है कि ये पार्टी का अभियान है और ये पार्टी का काम है। कौन किसके साथ मंदिर में पूजा करेगा ये संगठन ने तय किया है। सबको काम मिला है लेकिन एक विधानसभा ऐसी जहां विधानसभा के विधायक को ही काम नहीं दिया गया है। यहां मयंक गोयल के साथ लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को लगाया गया है। गजब का संयोग है और ऐसे में सांसद अतुल गर्ग भगवान से क्या मांगेगे और किसके लिए मांगेगे, ये जानने की जिज्ञासा रहेगी। वहीं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भगवान के समक्ष क्या प्रार्थना करेंगे। पूजा अर्चना के बाद जब मन की कामना रखी जायेगी तो विधानसभा में ही रखी जायेगी।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ पूजा करेंगी मेयर सुनीता दयाल





करंट क्राइम। 10 जून को 12 वर्ष की उपलब्धियों का लेखा जोखा लेकर मंदिरों में पूजा होगी। शहर विधानसभा में शहर के विधायक ही नहीं होंगे। लेकिन अन्य दो विधानसभाओं में इनके विधायक मौजूद रहेंगे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा साहिबाबाद विधानसभा में मेयर सुनिता दयाल के साथ पूजा अर्चना करेंगे। वहीं मुरादनगर विधानसभा में मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी एमएलसी दिनेश गोयल के साथ पूजा अर्चना करेंगे।

# किस नामित ने लगा लिया साहब के बराबर वाले कमरे में दरबार

## फिर नामित को दी गई सीख, आचरण में करें सुधार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नामित वाली कृपा पाने के बाद अब वो चाहते हैं कि काम कराएं, क्षेत्र में विकास कराएं, वो क्षेत्र में घूम रहे हैं, समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, उनके घरों के आगे निगम वाला बोर्ड लग गया है। वैसे भी ये घोषणा हो चुकी है कि उनके नाम का एक-एक करोड़ का विकास वाला कोटा आएगा। अब बने हैं तो काम भी कराएंगे, जनता के बीच भी जाएंगे और ये होना भी चाहिए। लेकिन नए-नए जोश में कई बार गलती से मिस्टेक भी होती हैं। निगम सूत्र बताते हैं कि भोकाल दिखाने के चक्कर में एक नामित पार्षद ने कुछ ऐसा कर दिया कि साहब को कॉल मिलाने की नौबत आ गई। यहां एक बार फिर अनुभव और जोश दोनों के बीच तारतम्य बैठा और तीन वर्ष पूरे कर चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहे पार्षद ने कुछ दिन पहले बने पार्षद को सिस्टम समझाया।

सूत्र बताते हैं कि निगम के बड़े वाले साहब का दफ्तर ऐसा है कि यहां अलग से एक वेटिंग रूम दिया गया है। साहब से मिलना है तो ये वेटिंग रूम उनके लिये है जो अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं। मिलने वालों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिये इस वेटिंग रूम को सुसज्जित बनाया गया है, भव्य स्वरूप दिया गया है। ये वेटिंग रूम वातानुकूलित है। सूत्र बताते हैं कि एक नामित पार्षद ने अपना भोकाल दिखाने के लिये साहब के वेटिंग रूम में ही दरबार लगा दिया। अपने क्षेत्र के 10-12 लोगों को इस वेटिंग रूम में बुला लिया। अब साहब भले ही ना हो मगर उनके मातहत पूरे सिस्टम पर नजर रखते हैं।

वो इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि ऑफिस प्रोटोकॉल का उल्लंघन ना हो। ये कमरा साहब से मिलने के लिये आये लोगों के इंतजार के लिये है। नामित पार्षद को नहीं पता था कि ये कमरा उनके दरबार के लिये नहीं है। निगम सूत्र बताते हैं कि इस पूरे सीन को जब साहब के मातहत ने देखा तो उन्होंने यहां चतुराई से काम लिया, वो समझ गये कि नामित को शायद प्रोटोकॉल की जानकारी नहीं है। उन्होंने इसका समाधान निकालते हुए निर्वाचित पार्षद को बुलाकर पूरा मामला बता दिया। निर्वाचित पार्षद ने नामित को धीरे से समझा दिया कि पार्षदों के लिये अलग से पार्षद कक्ष बना है। आप वहां बैठ सकते हैं। साहब के मातहत ने ऐसा किया और दफ्तर वाले बता रहे हैं कि नामित पार्षद ने भी इस बात को दिल पर नहीं लिया। उन्होंने भी ऑफिशियल सिस्टम और प्रोटोकॉल को समझा, लेकिन नामित पार्षद द्वारा साहब के कक्ष वाले वेटिंग रूम में दरबार लगाने का किस्सा निगम के सरकारी बाबुओं में गूंज रहा है।

# एक रुपये वेतन लेने वाले दिनेश गोयल की टिकट पर सस्पेंस, समर्थन में खुलकर उतरा प्रबुद्ध वर्ग

## टिकट होल्ड होने से समर्थकों में बेचैनी, अजय गुप्ता, जगदीश साधना और पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उठाई आवाज







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ-सहारनपुर-गाजियाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा एमएलसी दिनेश गोयल की टिकट पर बना सस्पेंस अब राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। भाजपा द्वारा अभी तक इस सीट पर प्रत्याशी की घोषणा न किए जाने और टिकट को होल्ड पर रखे जाने के बाद क्षेत्र में दिनेश गोयल के समर्थन में आवाजें तेज होने लगी हैं। व्यापारी संगठनों, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों और भाजपा समर्थकों का मानना है कि जनसेवा, सादगी और स्वच्छ छवि के कारण दिनेश गोयल स्वाभाविक दावेदार हैं। यही कारण है कि अब उनके समर्थन में सार्वजनिक रूप से मुहिम भी दिखाई देने लगी है।

दिनेश गोयल ने अपने कार्यकाल में एक रुपये वेतन स्वीकार करने, विधायक निधि को विकास कार्यों में खर्च करने और जनहित के मुद्दों को लगातार उठाने के कारण अलग पहचान बनाई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जिस स्नातक सीट पर भाजपा लंबे समय तक जीत दर्ज नहीं कर सकी थी, वहां दिनेश गोयल ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कर पार्टी को मजबूत आधार दिया था। टिकट की घोषणा में हो रही देरी के बीच समर्थकों का कहना है कि क्षेत्र की जनभावनाओं को देखते हुए पार्टी नेतृत्व को जल्द निर्णय लेना चाहिए।

समर्थकों का मानना है कि टिकट की घोषणा में हो रही देरी ने दिनेश गोयल के पक्ष में जनसमर्थन को और मुखर कर दिया है। सोशल मीडिया से लेकर व्यापारी और प्रबुद्ध वर्ग की बैठकों तक, उनके समर्थन की आवाज लगातार मजबूत होती

### जनता की पसंद हैं दिनेश गोयल : अजय गुप्ता



करंट क्राइम। उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि दिनेश गोयल ने अपने पूरे कार्यकाल में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग, शिक्षक समुदाय और प्रबुद्ध समाज चाहता है कि भाजपा एक बार फिर उन पर भरोसा जताए। अजय गुप्ता के अनुसार दिनेश गोयल का कार्यकाल उपलब्धियों और जनसेवा के लिए याद किया जाएगा।

### राजनीति में शुचिता की मिसाल हैं दिनेश गोयल : जगदीश चंद साधना



करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश चंद साधना ने कहा कि वर्तमान राजनीति में दिनेश गोयल जैसे जनप्रतिनिधि दुर्लभ हैं। उन्होंने कहा कि एक रुपये वेतन लेकर जनसेवा को प्राथमिकता देने वाले नेता को पुन: अवसर मिलना चाहिए। साधना ने कहा कि दिनेश गोयल की कार्यशैली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और सेवा आधारित राजनीति की सोच के अनुरूप है।

### एक रुपये वेतन लेने वाले नेता की टिकट में देरी क्यों? : हिमांशु लव



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने सोशल मीडिया के माध्यम से दिनेश गोयल के समर्थन में खुलकर आवाज उठाई है। उन्होंने सवाल किया कि पूरे कार्यकाल में केवल एक रुपये वेतन लेने वाले, सादगी और ईमानदारी की मिसाल बने नेता की उम्मीदवारी की घोषणा में आखिर देरी क्यों हो रही है। हिमांशु लव ने कहा कि जनता जानना चाहती है कि सेवा, समर्पण और स्वच्छ राजनीति का सम्मान कब होगा। उन्होंने दिनेश गोयल को जनसेवा का प्रतीक बताते हुए पार्टी नेतृत्व से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।



# टीएमसी में बड़ी टूट, 20 बागी सांसद बनाएंगे अलग गुट




**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस में बड़ी हलचल की खबर आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार अब दिल्ली में भी टीएमसी में बड़ी टूट की आशंका है। टीएमसी तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसद अलग गुट बनाएंगे। ये 20 सांसद तृणमूल कांग्रेस से जल्द अलग होंगे। इस बाबत आज दिल्ली में अहम गतिविधियां हुईं। ये सांसद जल्द ही लोकसभा स्पीकर को अपने फैसले की जानकारी देंगे। लेकिन स्पीकर अभी दिल्ली में मौजूद नहीं हैं, लोकसभा स्पीकर अभी चंडीगढ़ में हैं। लोकसभा में टीएमसी के 28 सांसद हैं। पार्टी में टूट के लिए कम से कम दो तिहाई सांसदों की जरूरत है। ये संख्या 19 होती है। इस बीच टीएमसी के बागी गुट ने 20 सांसदों के अपने साथ होने का दावा किया है। इन बागी सांसदों का कहना है कि लोकसभा में वे अपने नेता के रूप में अभिषेक बनर्जी को नहीं बल्कि काकोली घोष को चाहते हैं। बागी सांसद शाम 6.30 बजे टीएमसी एमपी शताब्दी राय के घर एक और मीटिंग करेंगे।

इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के 14 बागी सांसदों ने दिल्ली में पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की है। ये मुलाकात बीजेपी नेता भूपेंद्र यादव के घर पर हुई है। पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी आज ही दिल्ली पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार इस मीटिंग में टीएमसी के लोकसभा के 14 सांसद मौजूद थे। इस मुलाकात में बीजेपी नेता और पूर्व त्रिपुरा सीएम बिप्लब देब भी शामिल थे। सूत्रों का दावा है कि तृणमूल कांग्रेस के 5 बागी सांसद सोमवार सुबह से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पर मौजूद थे। इन पांच सांसदों के नाम बर्दमान पूर्व से सांसद शर्मिला सरकार, हावड़ा के सांसद प्रसून बनर्जी, कूचबिहार सांसद जगदीश बसुनिया, झारग्राम सांसद कालिपद सोरेन और बांकुरा सांसद अरूप चक्रवर्ती हैं।

# गुना में दूषित जल का कहर, डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे बीमार, पीलिया और हेपेटाइटिस ए से पीड़ित




**गुना:** शहर के बूढ़े बालाजी, पुरानी छावनी सहित कई रिहायशी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से हो रही दूषित पानी की सप्लाई अब मासूमों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में बीते तीन-चार दिनों के भीतर उल्टी-दस्त और तेज पेट दर्द से पीड़ित डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चों को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है।

**पीलिया और हेपेटाइटिस ए जैसी खतरनाक बीमारी से ग्रसित :** डॉक्टरों शुरूआती जांच में कई बच्चे पीलियाऔर हेपेटाइटिस ए जैसी खतरनाक बीमारियों से ग्रसित पाए गए हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, ये दोनों ही बीमारियां सीधे तौर पर प्रदूषित जल और संक्रमित भोजन के सेवन से फैलती हैं। अस्पताल में भर्ती ज्यादातर बच्चे बूढ़े बालाजी, पुरानी छावनी और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जैसे घने बसे क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

**घरों में आ रहा बदबूदार पानी :** इन क्षेत्रों के नागरिकों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से उनके घरों में नलों के जरिए बेहद बदबूदार और गंदा पानी भेजा जा रहा है, जिसकी वजह से बच्चे लगातार बीमार हो रहे। शुरूआत में परिजनों ने निजी डॉक्टरों से प्राथमिक उपचार कराया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लाना पड़ा। जब अचानक बड़ी संख्या में पीड़ित बच्चे अस्पताल पहुंचे तो प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया।

**बड़ी संख्या में बच्चे पहुंच रहे अस्पताल :** चौंकाने वाली बात यह है कि तीन दिनों से एक ही इलाके से इतनी बड़ी संख्या में बीमार बच्चे जिला चिकित्सालय पहुंच रहे थे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इसे लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। न तो प्रशासन को समय रहते इस प्रकोप की सूचना दी गई और न ही अस्पताल में कोई अलर्ट जारी किया गया। रविवार को जब यह पूरा मामला सार्वजनिक रूप से गरमाया, तब भी अस्पताल के शिशु वार्ड में कोई विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात नहीं था। इमरजेंसी ड्यूटी संभाल रहे मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. धाकड़ ही अकेले इन बच्चों का इलाज करते नजर आए।

**रविवार को सामने आई जानकारी :** दरअसल, बूढ़े बालाजी क्षेत्र के पार्षद पति लालाराम लोधा रविवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अपने किसी परिचित के घर बीमार बच्चे को देखने गए थे, जहां उन्हें पता चला कि पूरे वार्ड में दर्जनों बच्चे इसी तरह उल्टियों और दस्त से तड़प रहे हैं। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग को दी। शाम होते-होते भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार भी अपनी टीम के साथ जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड पहुंचे।

# यूपी में एक और सास-दामाद की लव स्टोरी

## जमाई पर आया सास का दिल, कोर्ट में की शादी




**कलयुगी रिश्ते**

### सास-दामाद की शादी का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात से रिश्तों की एक ऐसी उलझी हुई तस्वीर सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया से लेकर स्थानीय स्तर तक हर जगह हलचल मचा दी है। अकबरपुर क्षेत्र में एक महिला और उसके दामाद द्वारा कोर्ट मैरिज किए जाने का दावा किया जा रहा है, जिसके बाद से लोगों के बीच तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म है। इस घटना ने हाल ही में अलीगढ़ में सामने आए सास-दामाद के प्रेम संबंधों की कहानी की याद दिला दी है।

> महिला और उसके दामाद ने आपसी सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला और उसके दामाद ने आपसी सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली है। दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सास और दामाद अपने फैसले को सही ठहरा रहे हैं, साथ ही लोगों से उनके इस नए रिश्ते को स्वीकार करने और आशीर्वाद देने की अपील करता दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सामने आने के बाद यह मामला चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है। वीडियो में दोनों काफी सहज और अपने निर्णय पर अडिग नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

दरअसल, कानपुर देहात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार दोपहर को वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक महिला और पुरुष के कोर्ट में शादी करने का दावा किया गया है। वीडियो में दोनों गले में फूल माला पहने और शादी का प्रमाण पत्र दिखाते दिख रहे हैं। इसके साथ ही वीडियो पर लिखा है कि सास से दामाद ने की शादी, कानपुर देहात अकबरपुर। वीडियो पर कोर्ट मैरिज कर लिए, आशीर्वाद दे दो भी लिखा है। इसके साथ ही वीडियो पर गाना लगाया गया है कि लव मैरिज करेंगे कोर्ट में, मेरी हां में बस हां राखिए। वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस रिश्ते पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद दोनों के परिजन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। वायरल वीडियो की संवाद न्यूज एजेंसी पुष्टि नहीं करती है।

अकबरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच करवाई जा रही है।

अभी तक किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा आम है कि महिला और उसके दामाद के बीच लंबे समय से करीबी संबंध थे।

# मालवीय नगर अग्निकांड : मृतकों की संख्या 22 हुई, अस्पताल में भर्ती एक और विदेशी ने तोड़ा दम



**नई दिल्ली।** मालवीय नगर के होटल फ्लोरिश स्टे में तीन जून को लगी आग में झुलसे एक और विदेशी नागरिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नाइजीरिया निवासी ओकेले के रूप में हुई है। शनिवार देर रात को ओकेले ने सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने उनका शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। हादसे में मरने वालों की संख्या अब 22 हो गई है।

अस्पताल में कई और मरीजों की हालत अभी गंभीर है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में ओकेले बुरी तरह झुलस गए थे। पहले उनको मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर होने पर उनको सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया था। यहां वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। बता दें कि 3 जून को हुए हादसे में कई विदेशी समेत करीब 49 लोगों को होटल से निकाला गया था। इनमें से 21 लोगों की उसी दिन मौत हो गई थी, जबकि कई लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है।

**रसोइया केशव नेगी को लेकर होटल पहुंची पुलिस :** मालवीय नगर हादसे में गिरफ्तार किए गए होटल के रसोइया केशव सिंह नेगी को लेकर दिल्ली पुलिस रविवार को घटना स्थल होटल फ्लोरिश स्टे पहुंची। यहां पर पुलिस और एफएसएल की टीम ने सीन रीक्रिएट किया।

टीम पता लगाने का प्रयास कर रही थी कि घटना वाले दिन क्या-क्या हुआ था। इसके अलावा होटल मौजूद कर्मचारियों की क्या प्रतिक्रिया थी। केशव से पहले पुलिस होटल मालिक लवकेश बजाज को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

# केरलम में शिगेला संक्रमण से चार साल की बच्ची की मौत

**केरलम।** केरलम के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने रविवार को कहा कि कोझिकोड में शिगेला संक्रमण से चार साल के बच्चे की मौत के बाद राज्य सरकार ने निगरानी और बचाव के उपाय तेज कर दिए हैं। राज्य में इस बीमारी से मौत का यह पहला मामला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, इस संक्रमण के कारण तीन बच्चों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो बच्चे ठीक होकर घर लौट गए, लेकिन थलाकुलथुर की रहने वाली चार साल की एक बच्ची की शनिवार को मौत हो गई।

शिगेला एक बैक्टीरिया संक्रमण है जो मुख्य रूप से आंतों पर असर डालता है और डायरिया, बुखार और पेट दर्द जैसे लक्षण पैदा करता है। यह संक्रमण मुख्य रूप से खराब खाने और पानी से फैलता है।

# ऑनलाइन गेमिंग की लत ने बेटे को बनाया बेरहम कातिल

## माता-पिता और बहन को उतारा मौत के घाट



**कोप्पल।** कर्नाटक के कोप्पल जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 18 वर्षीय युवक ने ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण अपने माता-पिता और बहन की हत्या कर दी। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि गेमिंग की लत कैसे परिवारों को नुकसान पहुंचा सकती है। युवक ने अपने परिवार के सदस्यों पर चाकू से हमला किया क्योंकि उन्होंने उसे गेम खेलने से रोका था।

परिवार ने अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए बेटे से ज्यादा समय पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कहीं। लेकिन बेटे ने इसकी अनसुनी कर दी और ऑनलाइन गेमिंग में लिप्त हो गया। जब माता-पिता ने उसे समझाने की कोशिश की, तो उसका गुस्सा बढ़ गया। यह घटना उस वक्त हुई जब युवक ने अपने परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला कर दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक की ऑनलाइन गेमिंग की आदत ने उसे हिंसक बना दिया था। पड़ोसियों ने बताया कि कुछ समय पहले ही उन्होंने लड़के को चिल्लाते सुना था, लेकिन उस समय किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। इस प्रकार की घटनाएँ अब आम होती जा रही हैं, जो ऑनलाइन गेमिंग के नकारात्मक प्रभावों को उजागर करती हैं।

# 'हम लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे': इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद बोले खरगे




**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुई इंडिया ब्लॉक की मैराथन बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि विपक्षी दल अब और मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे और जनता के मुद्दों को लगातार उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन पांच बड़े मुद्दों पर एकमत हुआ है और आने वाले समय में सरकार को संसद से लेकर सड़क तक घेरने की तैयारी की जाएगी। खरगे ने साफ कहा कि हम लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे। बैठक में करीब 25 विपक्षी दलों ने हिस्सा लिया।

बैठक के बाद खरगे ने नीट पेपर लीक मामले को युवाओं के भविष्य के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियां लाखों छात्रों की मेहनत और उम्मीदों को बर्बाद कर रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर इंडिया ब्लॉक ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन मॉनसून सत्र में भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगा और छात्रों के साथ न्याय की मांग करेगा। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक स्थिति के मुद्दे को देशभर में जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा जाएगा और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग जारी रहेगी।

# पश्चिम बंगाल में आयुष्मान भारत योजना लागू




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सोमवार से लागू हो जाएगी। इसके साथ ही बंगाल आयुष्मान भारत योजना लागू करने वाला देश का 36वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन जाएगा। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य योजना है। राज्य में इस योजना को लागू करने के लिए सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्र सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और पश्चिम बंगाल सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

# बंगाल सीएम का बड़ा दावा: 4,800 घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा, 836 और होंगे डिपोर्ट




**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ऐलान के बाद पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश भेजने की मुहिम तेज हो गई है। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को बताया कि पश्चिम बंगाल के बॉर्डर इलाकों में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों से करीब 4,800 अवैध घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेजा जा चुका है। अभी 836 बांग्लादेशी अभी भी वापसी की लाइन में लगे हैं। सीएम ने साफ किया कि बांग्लादेश से आए जो लोग सीएए के दायरे में नहीं आते हैं, उन्हें केंद्र सरकार के नियमों के मुताबिक सीधे बीएसएफ को हैंडओवर किया जा रहा है।

बीजेपी के स्पेशल ट्रेनिंग कैंप की तैयारी बैठक में शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में अवैध घुसपैठ से निपटना और भारत-बांग्लादेश बॉर्डर को सुरक्षित करना उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सीएम ने बताया कि सरकार ने बांग्लादेश से लगने वाले बॉर्डर के करीब 100 किलोमीटर के हिस्से में बाड़ लगाया जा रहा है। राज्य सरकार ने इन इलाकों में फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन सौंप दी है। उत्तर बंगाल के चिकन नेक को प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि यह रणनीतिक तौर से संवेदनशील इलाका और नॉर्थ-ईस्ट को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बॉर्डर एरिया में कुल 556 किलोमीटर हिस्से पर अभी भी बाड़ लगाने की जरूरत है।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अवैध घुसपैठ रोकने के लिए केंद्र सरकार ने देश के अन्य हिस्सों में भी डिपोर्ट करने के प्रावधान लागू किए गए थे। नियम होने का बाद भी बंगाल की पिछली तृणमूल सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी चाहती थी कि अवैध घुसपैठिए भारत की जनता के पैसे पर राज्य की सुविधाओं में बने रहे। उन्होंने कहा कि अभी करीब 4800 बांग्लादेशियों को वापस भेजा गया है। होल्डिंग सेंटरों में 836 बांग्लादेशी वापस भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं।

# सीएम का जनता दर्शन लोगों को मिली राहत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह ह्यजनता दर्शनह्ण किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए लोगों से उन्होंने व्यक्तिगत मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। एक बच्ची ने मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने लखनऊ के किसी संस्थान में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया। पुलिस की अनसुनी व अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर सख्त सीएम योगी ने अफसरों को मॉनीटरिंग कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का आदेश दिया।

लखनऊ की एक बच्ची अपनी बूढ़ी मां के साथ पहुंची। उसने बताया कि इंटरमीडिएट अच्छे अंक से उत्तीर्ण किया है। वह आगे बीटेक करना चाहती है, लेकिन धन के अभाव में दिक्कत हो रही है।

सीएम योगी ने उसकी मार्कशीट देखी, फिर कहा कि पढ़ाई पर ध्यान दो। आपका प्रवेश किसी अच्छे संस्थान में कराया जाएगा।

# गरीब कल्याण योजनाओं के जरिए सीधे गरीबों को पहुंची मदद : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने कई महत्वपूर्ण बदलाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का केंद्र गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्ग का कल्याण रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियां अंत्योदय के सिद्धांत से प्रेरित हैं। इसका उद्देश्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैशटैग के साथ प्रधानमंत्री ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उनकी उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जन धन योजना, सीधे लाभार्थी के बैंक खातों में राशि (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सम्मानजनक जीवन और बेहतर अवसर प्रदान करना है।

सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की हर योजना का लक्ष्य नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सशक्त बनाना रहा है। उन्होंने बताया कि डीबीटी और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार व लीकेज में कमी आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीक के उपयोग से शासन व्यवस्था अधिक प्रभावी बनी है और लोगों का भरोसा भी मजबूत हुआ है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं। 10 जून को वह लगातार 4,399 दिन तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे।

# डर-लालच और भरोसे का खेल है साइबर ठगी

## किसान से कारोबारी तक हो रहे शिकार, कोई नहीं सुरक्षित




**अलीगढ़।** महानगरों से निकलकर साइबर ठगी अब गांव और कस्बों तक पहुंच गई है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का बढ़ता इस्तेमाल, लेकिन साइबर सुरक्षा की सीमित समझ ठगों के लिए बड़ा हथियार बन रही है। अलीगढ़ की 800 से अधिक ग्राम पंचायतों में रहने वाले लोग भी अब इनके निशाने पर हैं, जिसके चलते साइबर ठगी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। स्थिति यह है कि पिछले तीन महीने में रोजाना औसतन 22 लोग शिकार हुए हैं जिनसे 6.50 लाख रुपये की ठगी हुई है।

इस साल मार्च से मई माह के बीच 2000 लोगों ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई हैं। इस दौरान लुटेरों ने लोगों के खातों से 6 करोड़ 4 लाख 10 हजार रुपये उड़ा लिए। चिंताजनक बात यह है कि ठगी के शिकार होने वालों में किसान, छोटे कारोबारी, नौकरीपेशा लोग, छात्र और गृहिणियां तक शामिल हैं।

ऑनलाइन निवेश, पार्ट टाइम जॉब, केवाईसी अपडेट, फर्जी लिंक और डिजिटल अरेस्ट जैसे हथकंडों के जरिए ठग लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। साइबर अपराध का यह बढ़ता दायरा बता रहा है कि अब ठगों के निशाने पर सिर्फ बड़े शहर नहीं, बल्कि गांव और कस्बों में तेजी से बढ़ रहे स्मार्टफोन और इंटरनेट उपभोक्ता भी हैं।

2025 में जनवरी से नवंबर माह के बीच जिले में 15 करोड़ की ठगी हुई। इस साल सिर्फ मार्च से मई के बीच लोगों ने छह करोड़ रुपये से ज्यादा गंवाए हैं। पुलिस स्वीकार रही है कि पिछले साल की तुलना में इस बार ठगी के मामलों में 25 फीसदी उछाल आया है। इसके पीछे पुलिस ठोस कारण नहीं बता पाई, लेकिन पुलिस का यह कहना जरूर है कि समय पर शिकायत मिलती है तो ठगी रकम को बचाने में सफलता भी मिल सकती है। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि बीते तीन महीने में छह में से करीब दो करोड़ रुपये फ्रीज कराने में कामयाबी मिली। अब यह रकम वापस पीड़ितों तक पहुंचने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# एटीएस टीम के सामने टूट गया मोहम्मद शेख, उगले कई राज



**लखनऊ।** पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहजाद भट्टी और आईएसआई से जुड़े आतंकी मोहम्मद शेख को आजमगढ़ ले जाकर वापस लाया गया है। पूछताछ में एटीएस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। सबसे अहम जानकारी उसे हथियार उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क को लेकर सामने आई है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि इस कड़ी के सहारे आतंकी मॉड्यूल के स्थानीय सहयोगियों तक पहुंचा जा सकेगा।

सूत्रों के मुताबिक, मोहम्मद शेख से लगातार हो रही पूछताछ में उन लोगों के बारे में जानकारी मिली है, जिनके जरिये उसके पास पिस्टल और कारतूस पहुंचे थे। इसके बाद एटीएस ने असलहा सप्लाई चेन की पड़ताल तेज कर दी है। संदिग्ध लोगों के मोबाइल नंबर, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), सोशल मीडिया संपर्क और वित्तीय लेनदेन की जांच की जा रही है।

जांच एजेंसियों का मानना है कि आतंकी गतिविधियों के लिए स्थानीय स्तर पर एक ऐसा नेटवर्क सक्रिय था, जो हथियार, ठिकाना और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में मदद कर रहा था। इसी कारण एटीएस अब हर उस व्यक्ति की भूमिका खंगाल रही है जो किसी भी रूप में मोहम्मद शेख के संपर्क में रहा। आजमगढ़ और आसपास के जिलों में भी गोपनीय स्तर पर पड़ताल चल रही है।

09 June -26 page 3 08-06-26 10:50 PM Page 1

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# सांसद, विधायक, मंत्री और मेयर दें जनता के सुझावों पर ध्यान

## जनता चाहती है मौहल्लों में विकास के बहुत सारे काम


Deepak Bhati
1d ·

आपको अपने मोहल्ले में क्या चाहिए . वार्ड का नाम और नंबर ज़रूर लिखे@current crime

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम हमेशा से जनता के लिए उनकी अभिव्यक्ति के लिए एक खुला मंच उपलब्ध कराता है। राजनीतिक , सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाता है। दैनिक करंट क्राइम ने एक बार फिर से पब्लिक मंच पर पब्लिक की राय को आमंत्रित किया। ये जाना कि क्षेत्र के लोग अपने अपने वार्ड में कौन से काम चाहते हैं। कौन सी ऐसी समस्या है जिसका लोग समाधान चाहते हैं। जनता से पूछे गये इस सवाल पर जनताने वार्ड का हाल बताया है। लोगों ने खुलकर अपनी राय रखी और ये बताया कि वो पार्क, बारातघर से लेकर जलनिकासी और अन्य क्या क्या सुविधायें चाहते हैं। यहां बात भले ही वार्ड की है लेकिन विकास का ढांचा वार्ड से बाहर निकलकर काम करता है। वार्ड केवल पार्षद की जिम्मेदारी नहीं है, वार्ड लोकसभाक्षेत्र में भी आता है। विधानसभा क्षेत्र में भी आता है और वार्ड में मेयर का भी कोटा होता है। जनता ने जिस तरह से खुले मंच पर अपनी बात को रखा है उसका सारये है कि केवल पार्षद नहीं यहां सांसद विधायक और मेयर को भी ध्यान देना होगा कि जनता विकास की कौन कौनसी सुविधायें चाहती है। करंट क्राइम एक बार फिर अपने पाठकों का आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने करंट क्राइम के खुले मंच पर खुले दिल से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है।

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम


**आरपीएस राघव**
वार्ड नंबर 31 -सुभाष नगर नियर एकता पब्लिक स्कूल में शिवर लाइन नहीं है जिसके कारण नालियों का गंदा पानी खड़ंजा पर बहता है क्षेत्र की जनता और स्कूल जाने वाले बच्चे बहुत परेशान रहते हैं।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम


**अवतार भाटी**
वार्ड 21 साफ सफाई ही मुख्य मुद्दा है उसके बाद निरंतर बढ़ते कबाड़ियों की संख्या उसके बाद मेडिकल स्टोर की इतनी संख्या कैसे। क्या मेडिकल स्टोर पर युवा को नशा बेचा जा रहा है उसके बाद किसी गली का ना कोई नाम है ना कोई नंबर।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम


**भीम शर्मा**
वार्ड-17 में एक विशेष व्यक्ति को ही भाजपा का सिपहसालार माना जाता है! उस व्यक्ति ने सेवा नगर वार्ड-17 का जिम्मा ले रखा है। भाई अब तो हमें भी जरनल शीट पर टिकट मांगने दो।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम


**मलिका सक्सेना**
बहुत साल से वसुंधरा सेक्टर 2सी सर्विस लेन में रोड नहीं बनी है लॉकिंग टाइल्स लगो हैं वो भी धंस चुकी हैं। जरा सी बारिश में पानी भर जाता है। पैदल चलना भी मुश्किल है।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम


**विनोद कर्दम**
वार्ड नंबर 9 में मुख्य समस्या सीवर जाम नाला ओवर फ्लो पीने के पानी की पाइप लाइन में गंदे पानी की शिकायतें हैं और वार्ड वासी बहुत दुखी हैं हम सब यह कहना चाहते हैं हमें इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।
Like Comment Share

**हिमांशु लव शर्मा** (करंट क्राइम)
मेरी गली की सड़क टूटी है और इंटरलॉकिंग टायल उखड़ चुकी हैं। वार्ड 39 नसीरपुर राकेश मार्ग।

**सिम्पी सिंह** (करंट क्राइम)
हमारे वार्ड में सब ठीक है आप हमारे खोड़ा की वर्तमान चेयरमैन बदल दो बस इतना कार्य हो सकता है।

**प्रवीण कुमार** (करंट क्राइम)
वार्ड 06 दीनदयालपुरी नन्दग्राम में सीवर लाइन एवं गैस लाइन चाहिए।

**वरुण भारद्वाज** (करंट क्राइम)
वार्ड नंबर 75 में न ही उचित पार्किंग की व्यवस्था है और न ही कालोनी में आने-जाने के लिए गाड़ियों का रास्ता।

**कृष्ण पाल टुन्नू** (करंट क्राइम)
वार्ड 21 में नशे का बहुत बड़ा कारोबार खुलेआम हो रहा है जो कि स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है ।

**कुलदीप चौधरी** (करंट क्राइम)
वार्ड 64 में साफ सफाई अतिक्रमण मुक्त मीट की दुकान हटनी चाहिए। शुरूआत से ही मीट की दुकान,शराब का ठेका इन सबसे माहौल खराब होता है एक सुंदर वार्ड होना चाहिए जहाँ साफ सफाई हो,अतिक्रमण मुक्त हो ।

**आदित्य पाल** (करंट क्राइम)
वार्ड 64 में साफ सफाई अतिक्रमण मुक्त मीट की दुकान हटनी चाहिए शुरूआत से ही मीट की दुकान,शराब का ठेका इन सबसे माहौल खराब होता है एक सुंदर वार्ड होना चाहिए जहाँ साफ सफाई हो,अतिक्रमण मुक्त हो ।

**सैली इंडिया** (करंट क्राइम)
वार्ड नं. 56 विष्णु एंकलेव बच्चो के लिये खेलने को स्थान या पार्क ,हमारे वार्ड के लगभग सभी पार्को पर वहां के आस पास के लोगो का निजीकरण है जहां बच्चे फुटबाल तक नही खेल सकते ,वरना बच्चो को स्थानीय लोगो द्वारा धमकाया,परेशान कर गंदे इलजाम लगा भगा दिया जाता है।

**मीना कौशिक** (करंट क्राइम)
सड़क के किनारे कूड़ा बिल्कुल ना डाला जाए सड़क धंस जाती है। कहीं और कूड़े की व्यवस्था की जानी चाहिए , वैशाली सेक्टर 6 रोड जो हिंडन की तरह जाती है एक तरफ वैशाली सेक्टर 19 है दूसरी तरफ सेक्टर 4 उसे रोड पर कृपया ध्यान दें धन्यवाद। सड़क पर कूड़ा डालने से दुर्घटनाओं का डर बना रहता है, केआर मंगलम वाली रोड पर जो गंदा नाला है मुड़ते ही उसको भी पूरा कर किया जाए क्योंकि वहां कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसा जानकारी में आया कुछ ढक दिया था कुछ अभी बचा हुआ है। नगर निगम की तरफ से कार्य किए जाते हैं उसकी प्रशंसा जरूरी है, कार्य की संभावनाएं हमेशा रहती हैं।

**मनोज पंडित** (करंट क्राइम)
वार्ड के अंदर पार्क में बच्चों को खेलने की अनुमति जो मोहल्ले वाले बच्चों को खेलने नहीं देते दूसरा मलिन बस्तियों के अंदर और मिडिल क्लासों के वार्ड के अंदर फ्री डिस्पेंसरी या छोटा हॉस्पिटल होना चाहिए। सबसे बड़ी शिक्षा के लिए भी सरकार को प्रबंध करना चाहिए। शिक्षा चिकित्सा और बच्चों के खेलने के लिए पार्क बनें।

**सुजीत गिरी** (करंट क्राइम)
मोहन नगर वार्ड 28 राजीव कॉलोनी में पीने का पानी के लिए पूर्व में पाइपलाइन बिछाया गया था परंतु उसमें पानी तो आया नहीं। सभी पाइप तोड़कर हटा दिया गया है क्योंकि सीवर लाइन कॉलोनी में बिछाया गया अब इस कॉलोनी में दोबारा वाटर बढ़ा करके घर-घर पानी की व्यवस्था करवाना चाहिए।

**रुचि गर्ग** (करंट क्राइम)
वार्ड 70 की आधी आबादी लोअर मीडिल क्लास है कम्युनिटी सेंटर की आवश्यकता है । समस्याएं तो बहुत हैं लेकिन नालियों की सफाई एवं सडकों की सफाई पर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है । वार्ड की एक बहुत बड़ी आबादी पीने के पानी के लिए आरओ पर या बोतलों का पानी खरीद कर पीने के लिए मजबूर है । हमारे जनप्रतिनिधियो को इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है ।

**ठाकुर संजय राजपूत** (करंट क्राइम)
45 में सीवर लाइन खुद रही है उसकी वजह से बहुत धूल-मिट्टी उड़ती है पानी का छिड़काव होना चाहिए।

**हरीश कसाना** (करंट क्राइम)
वार्ड नं-10 डीएलएफ में कम्युनिटी सेंटर एवं डिस्पेंसरी जिसकी जमीन डीएलएफ द्वारा छोड़ी गई थी। मैं महापौर जी से निवेदन करता हूं कि जल्द से जल्द इस पर आवश्यक कार्रवाई करें ।

**लीलू चौधरी** (करंट क्राइम)
मेरे यहां वार्ड 18 राजापुर शास्त्री नगर में सरकारी जमीन झोड़ तालाब पर अतिक्रमण करके लाखों किराया वसूला जा रहा है। उस जमीन पर एक धर्मशाला जिसमें असमर्थ व्यक्ति फ्री में शादी तेरहवीं या अन्य कोई भी किसी भी तरह इस्तमाल कर सकें।

**विनीत सुदेश चौधरी** (करंट क्राइम)
वार्ड -17 रिमोट कण्ट्रोल हैं। मैं खुद भाजपा के लिए अच्छा विकल्प था लेकिन एक ठेकेदार पैसे के बाल चापलूसी से मेरे टिकट नहीं होने दिया। संजीव शर्मा बीजेपी अध्यक्ष थे ये वो भी जानते विनीत चौधरी अगर वार्ड 17 का पार्षद होते युवा सोच होती विकास होता लोगों का भाजपा के लिए ज्यादा से ज्यादा जुड़ाव होता। मेहनती कार्यकर्ता को उसकी मेहनत का फल मिलना चाहिए।

**राजेश सिंह** (करंट क्राइम)
वार्ड 60 श्याम पार्क का 5 वर्ष पहले निर्माण हुआ था जिसका कुछ हिस्सा छोड़ दिया गया था इस अधूरे नाले का टेंडर हुए 9 महीने हो गए हैं कार्य नहीं हो रहा है। निगम इस कार्य को करना चाह रहा है लेकिन स्थानीय पार्षद इसे रोक रहे हैं करण समझ के बाहर है।

**हेमन्त जोशी** (करंट क्राइम)
खोड़ा में पानी की भयंकर समस्या है।

**संजीव कौशिक** (करंट क्राइम)
वार्ड 30 सदरपुर गोविंदपुरम काशीराम कॉलोनी मधुबन बापूधाम में सीवर लाइन बंद हैं नाली के पानी की निकासी नहीं है। कालोनी के चारों तरफ कुड़े के ढेर हैं सड़कें भी टूटी हुई हैं। स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। पानी के नल भी खराब हैं। कॉलोनी में लोगों ने अवैध कब्जा करके झोपड़ियां डाली हुई हैं उनमें रात को बैठकर दारू पीते हैं वह फिर बदतमीजी करते हैं

**आदित्य पाल** (करंट क्राइम)
वार्ड 64 में सड़क पानी सीवर लाइन के बाद मौजूदा हालात बहुत खराब है ना ही कोई पार्क है पार्षद को कोई लेना देना नहीं।

**पिंटू तोमर** (करंट क्राइम)
हमें अपने मोहल्ले नहीं अपने पूरे गाजियाबाद में की ठेली पटरी लगवाने के नाम पर जो उगाही चल रही हैं इन पर अंकुश लगाना चाहिए। ठेली पटरी वाले को पता होता है कि पार्षद जी पैसे मांग रहे हैं। आम आदमी को पता ही नहीं होता उनके नाम पर ठगी करने वाले की बहुत बड़ी लिस्ट तैयार की जा रही है इस चीज पर अंकुश लगना चाहिए।

**रविन्द्र राजपूत** (करंट क्राइम)
वार्ड 73 में नया पार्षद चाहिए।

**भूपेन्द्र सिंह रावत** (करंट क्राइम)
सबको अपने अपने वार्ड में कुछ ना कुछ चाहिए परंतु मुझे अपने वार्ड 54 में कुछ नहीं चाहिए। केवल और केवल शराब की दुकान नहीं चाहिए।

**दीपक गौतम** (करंट क्राइम)
मुझे मेरा वार्ड नंबर 8 मालीवाडा एकदम साफ सफाई होनी चाहिए। बहुत ही गंदा रहता है। गलियां साफ नहीं होती और सड़क भी गंदी रहती है एकदम सफाई होनी चाहिए।

**राज नगर मंडल** (करंट क्राइम)
वार्ड नंबर 67 में पार्षद गुम है,ढूंढ़ कर ला दो।

**विरजेश कुमार मिश्रा** (करंट क्राइम)
वार्ड नं0 27 डुंडाहेड़ा में पब्लिक लाइब्रेरी, सीवरलाईन, बारात घर और गलियों पर मकान संख्या संकेतांक सुचना बोर्ड लगना चाहिए।

**विकास कुमार त्यागी काकड़ा** (करंट क्राइम)
मुरादनगर नगर पालिका किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है। न पानी निकासी का साधन है न ही पानी के प्राप्त होने के पर्याप्त साधन, जो हेड पंप खराब हो गया वह कभी सही नहीं हुआ। जो टंकियां कभी खराब हो गई वह कभी सही हुई। नगर पालिका क्षेत्र के विकास से किसी को कोई लेना देना नहीं। मुरादनगर शमशान घाट को बहुत लंबा समय हो गया है। पूरे देश में चर्चित मुरादनगर श्मशान घाट मुद्दा सुर्खियों में रहा, मुरादनगर शमशान घाट का विकास को हिंदू समाज की अंत्येष्टि स्थल आज भी जस की तस है।

**विवेक भाटी गुर्जर** (करंट क्राइम)
वार्ड नंबर 23 मे पानी नहाने की समस्या रहती है। हर वार्ड में बड़ी पानी की टंकी होती है। कोई भी पानी की बड़ी टंकी नहीं है। काफी गलियों में पानी नहीं आता और जिन गलियों में आता है वहां गंदा पानी आता है।

**नितिन पंडित** (करंट क्राइम)
वार्ड 78 में अतिक्रमण चारों तरफ पूरी सड़क पर कब्जा। शिव चौक से लेकर शालीमार गार्डन थाना से 80 फुटा तक शिव चौक से लेकर शालीमार गार्डन थाना से लेकर शालीमार मेन तक चारों तरफ जाम ही जाम। पूरा 80 फूटा रोड कब्जा कर रखा है कोई कहने वाला नहीं है। अगर नगर निगम नोएडा की तर्ज पर कमेटी बनाएं और कमेटी को रोज अवैध जगह कब्जा करने वालों को चालान करें सुबह शाम तो यह कब्जा खाली हो सकता अन्यथा और कब्जा बढ़ता जाएगा । सभी ने कब्जा कर पूरी सड़क घेर रखी है। पूरे वार्ड में साफ सफाई चाहिए सीवर की समस्या से निजात चाहिए।

**अकरम खान** (करंट क्राइम)
साफ सफाई, पानी और बिजली चाहिए। अपने वार्ड में काम के लिए तैयार रहते हैं हामारे पार्षद आरिफ मलिका वार्ड नंबर 93।

**चौधरी उदयवीर सिंह** (करंट क्राइम)
हमारा वार्ड बहुत सुंदर है।

**प्रवीण राघव** (करंट क्राइम)
खुल के हो रहा है दारू, स्मैक और गांजे का व्यापार। हमें चाहिए वार्ड 43 नशामुक्त।

**विधु गर्ग** (करंट क्राइम)
हमारे वार्ड 59 में बस एक ही समस्या है नालियों की सफाई कर्मचारी द्वारा नही होती , कूड़े में भरी हुई है, मच्छर का प्रकोप है।

**संदीप शर्मा** (करंट क्राइम)
वार्ड 27 डूंडाहेड़ा गांव स्कूल के पास बैठने के लिए बैंच और गांव में श्मशान घाट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

**मनु वशिष्ठ** (करंट क्राइम)
वार्ड 39 कमला और छज्जू क्वार्टर में पिच डेढ़ महीने से रोड खुदी पड़ी है। सीवर डाल कर छोड़ दिया है। पिछले डेढ़ महीने से वहां के लोग ठीक से गाड़ी नहीं चला पा रहे हैं ना वह पैदल चल पा रहे हैं। ठेकेदार या कंपनी कोई काम शुरू करने को राजी नहीं है।

**आशीष अरोड़ा** (करंट क्राइम)
वार्ड नंबर 64 बिल्कुल बेकार हो रहा है पार्क साफ नहीं होता है। घरों के आगे गंदगी पड़ी रहती है। सफाई नहीं होती है पार्षद सुनता नहीं है।

**शोभा चौधरी** (करंट क्राइम)
खोड़ा को गंगाजल चाहिए। बहुत बुरा हाल है शायद आपके लिखने से करंट आ जाये। सुन ले कोई जनता की। बहुत परेशान हैं जिनका रोजगार घर सब वही हैं वो कहां जाएंगे पानी तो सबसे बेसिक है और सुविधा तो भूल जाओ पानी (गंगाजल) दिलवा दो खोड़ा को।

**आकाश जैन** (करंट क्राइम)
वार्ड 12 में हरदेव सहाय में जो बिजली के तारों का जाल फैला हुआ है वह एक सार होना अति आवश्यक है।

**शेखर त्यागी** (करंट क्राइम)
वार्ड 54 में पार्क की हालत बहुत ज्यादा खराब है वह ठीक हो जाए और सोसाइटी का समरसेबल 2 साल से बंद है।

**सुभाष चंद गौतम** (करंट क्राइम)
भीम आर्मी गाजियाबाद के हर वार्ड में उत्तम कोटि की लाइब्रेरी बनाकर बच्चों को समर्पित करेगी।

**विनीत बेनीवाल** (करंट क्राइम)
वार्ड नंबर 10 में सबसे बड़ी समस्या पप्पू कॉलोनी कब्रिस्तान श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल अति आवश्यक है। हर निगम चुनाव में इस शमशान कब्रिस्तान की भूमि की बाउंड्री बनाने का वादा किया जाता है न जाने वो वादा हवा में उड़ जाता है। डीएलएफ में एंट्री के पास नगर निगम की जमीन पड़ी है पार्किंग के तौर पर रिहायशी इलाके के बीच में वहां एक डंपिंग ग्राउंड बना दिया है। वहां कूड़ा डालने से आसपास के सारे बिल्डिंग वाले अपना फ्लैट खाली कर कर के निकल रहे हैं। ना ही उनके फ्लैट बिक रहे यहां का वातावरण इतना प्रदूषित हो चुका है कि यहां से कूड़ेदान हटाना चाहिए। डीएलएफ के में रोड पर जीडीए द्वारा रिश्वत खा खा कर लोगों ने अपनी बिल्डिंग आगे बढ़कर अतिक्रमण कर लिया है अतिक्रमण मुक्त डीएलएफ होना चाहिए वही में रोड पर 200 से 300 ठेली वालों ने रोजाना बाजार लगते हैं और सुबह से शाम तक जाम रहता है। जाम मुक्त डीएलएफ चाहिए दिल्ली सीमापुरी से आते वक्त डीएलएफ की तरफ रोड टूटे हुए हैं और ई-रिक्शा वालों की तादाद इतनी ज्यादा बढ़ गई है वहां पैदल चलना मुश्किल हो जाता है जाम मुक्ति चाहिए।

**सुभाष चंद गौतम** (करंट क्राइम)
वार्ड 19 पटेल नगर मुकुंद नगर में एक ऐसी लाइब्रेरी चाहिए जो गरीब बच्चों को कंपटीशन की आईएएस पीसीएस और एसएससी अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सके।

**शाहरुख सैफी** (करंट क्राइम)
वार्ड न 92 चमन कॉलोनी इस्लाम नगर गाज़ियाबाद। यहाँ के पार्षद है दिलशाद चौधरी। मैंने आज तक उनको कभी किसी भी काम के लिए बोला तो कभी काम नहीं हुआ। फोन उठा नहीं पाते तो क्या समाधान होगा लेकिन इसके मद्देनजर बात को रखते हुए यही कहूंगा। अपने वार्ड में एक शिकायत बॉक्स बनवाये जिससे जिसमें सब शामिल हो। वार्ड के लोगों की समस्याएं और शिकायत नगर निगम से लेकर सभी अधिकारी के पास जाए जिससे लोगो की परेशानी का समाधान हो।

**रविन्द्र चौधरी** (करंट क्राइम)
वार्ड 96 के पार्षद जनता के साथ भेदभाव करते हैं।

**अनुज शर्मा** (करंट क्राइम)
वार्ड 75 लाजपत नगर प्रथम में टूटी गलियों, नाले एवं नालियों की सफाई न होने के कारण जनता नर्क में रहने को मजबूर। वार्ड में निरंतर सफाई ना होना, गंदगी का ढेर , पार्क अव्यवस्थित है। ना साफ सफाई ना ही कोई देख रेख, पब्लिक टॉयलेट नहीं हैं, गालियां जर्जर हैं।

**भूषण शर्मा** (करंट क्राइम)
वार्ड 71 के पार्षद उमेश पप्पू नागर जी दुबारा पार्षद बने। हमारे वार्ड में सब उचित है कोई भी दिक्कत वार्ड में नहीं है।

**प्रियंका पांडेय** (करंट क्राइम)
वार्ड 10 की सबसे बड़ी समस्या पार्षद को केवल नेमप्लेट लगाने से मतलब है। पप्पू कालोनी पर शमशान घाट अहम मुद्दा है नाली भरी पड़ी है कोई भी ब्लाक पर साफ सफाई नहीं होती है सड़कों की साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्को के साफ सफाई और एक अच्छा प्रतिनिधि जो जनता के लिये काम करे न कि सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए और पद की लालसा करें।

**इंदू तोमर** (करंट क्राइम)
हमें अपने वार्ड में साफ सफाई चाहिए सीवर की समस्या से निजात चाहिए और एक योगशाला भवन चाहिए।

**गुर्जर संजय डेढा** (करंट क्राइम)
वार्ड 21 भोवापुर कौशांबी, हमारे क्षेत्र की प्रमुख समस्याएँ : अवैध अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है रोजाना लगने वाले अस्थायी बाजारों से यातायात और सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। विकास कार्यों की गुणवत्ता और रखरखाव संतोषजनक नहीं है। अवैध झुग्गियों का विस्तार हो रहा है। ठेकेदारों के काम मे कमियां। अवैध कब्जों की शिकायत कई बार करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। नालियों का निर्माण तो हुआ, लेकिन पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी सड़ रहा है और दुर्गंध फैल रही है।

**सन्नी एम** (करंट क्राइम)
वार्ड नंबर 12 जटवाड़ कॉलोनी में एक महर्षि वाल्मीकि पुस्तकालय होना चाहिए।

**रंजना अग्रवाल** (करंट क्राइम)
वार्ड 76 में आज के समय में तो लोग गैस के लिए परेशान हैं तो हर वार्ड में एक गैस एजेंसी होनी चाहिए जिससे लोगों को ब्लैक में 4 हजार का सिलेंडर मिल रहा जो किसी के लिए भी बड़ा मुश्किल है।

**नाज़िम चौधरी** (करंट क्राइम)
वार्ड 51 मिर्जापुर शहर का बहुत पुराना गांव जो आज भी गांव जैसी ही स्थिति में न तो पीने का पानी है और ना ही एलपीजी पाइप लाइन है और न ही ग्रामीण वासियों के लिए बारातघर, और बच्चों के खेलने के लिए ग्राउंड आज भी उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण आज की जनरेशन के बच्चे खेल से वंचित हो गए और मोबाइल और नशे के आदी हो गये हैं।

**शाह आलम अंसारी** (करंट क्राइम)
चमन कॉलोनी वार्ड नं 92 पार्क की आवश्यकता है जिसमें सभी उम्र के लोग सुबह शाम टहल सकें, नाले और नालियों की सफाई और गलियों में सफाई पर नगर निगम जरूर ध्यान दे।

**मोनू राघव** (करंट क्राइम)
हमारे वार्ड में एक लाइब्रेरी और पुलिस प्रशासन मजबूत। वार्ड में मुख्य रोड़ पर महापुरुषों के नाम से एंट्री गेट।

**चौधरी आजाद सिंह** (करंट क्राइम)
वार्ड नंबर 30 मधुबन बापूधाम में सड़कें टूटी पड़ी हैं। बारिश में ज्यादातर रास्ते बन्द हो जाएंगे।

**विकास माथुर** (करंट क्राइम)
वार्ड 64 गरिमा गार्डन में एक भी पार्क नहीं है एवं एक भी समुदाय भवन नहीं है और नगर निगम की लापरवाही नालियों कि सफाई सही से नहीं होती कुछ खम्भों पर लाइट वो जलती नही। नगर निगम को गरिमा गार्डन में ध्यान देना चाहिए।

**जग्गी भाई** (करंट क्राइम)
एक सरकारी डिस्पेंसरी जहां पर मिडिल क्लास के लोगों का छोटे-मोटे इलाज के लिए इधर-उधर ना जाना पड़े। वार्ड 69 लोहिया नगर लाल क्वार्टर पीले क्वार्टर।

**अंकित गिरी** (करंट क्राइम)
वार्ड 64 में साफ सफाई अतिक्रमण मुक्त मीट की दुकान हटनी चाहिए। मीट की दुकान,शराब का ठेका इन सबसे माहौल खराब होता है एक सुंदर वार्ड होना चाहिए जहाँ साफ सफाई हो ,अतिक्रमण मुक्त हो ।

शेष, पृष्ठ 5

09 June -26 page 4 08-06-2026 9:41 PM Page 1



## संपादकीय

# शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

सीजेपी ने जिस तरह इस मुद्दे को आवाज दी है, उससे विद्यार्थियों और युवाओं के बीच एक नई उम्मीद पैदा हुई है।

आभासी दुनिया में एक तंज और मजाक के साथ शुरू हुआ अभियान तथा काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के गठन को बहुत ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। मगर इसकी शुरुआत करने वाले कुछ युवाओं ने सीजेपी के बैनर के साथ शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जिस तरह के विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया और उसमें युवाओं की जैसी भागीदारी देखी गई, उसे एक नई बयार के तौर पर देखा जा रहा है। इस प्रदर्शन में खासी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया और नीट-यूजी 2026 में प्रश्नपत्र लीक होने के संदर्भ के साथ सरकार पर कई सवाल उठाए। खासतौर पर इन आरोपों के साथ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई कि देश में शिक्षा व्यवस्था आज बर्बाद हो चुकी है, प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं, बच्चे परेशान हैं और उनमें से कई ने आत्महत्या कर ली।

गौरतलब है कि नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक होने और इस मामले के तूल पकड़ने के बाद परीक्षा रद्द किए जाने से लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों के सामने उपजी परेशानी पिछले कुछ दिनों से राजनीति की मुख्यधारा के बीच भी अहम मुद्दा बनी हुई है और सरकार इस मसले पर बचाव की मुद्रा में है। ऐसे में हाल ही में उभरी सीजेपी ने जिस तरह इस मुद्दे को आवाज दी है, उससे विद्यार्थियों और युवाओं के बीच एक नई उम्मीद पैदा हुई है। हालांकि काकरोच जनता पार्टी के नाम से शुरू अभियान को आभासी दुनिया के एक तात्कालिक गुबार के तौर पर ही देखा गया था। मगर सड़क पर प्रदर्शन और उसमें लोगों की भागीदारी के बाद अब सीजेपी ने खुद को एक विकल्प के तौर पर पेश किया है। हालांकि पार्टी का नाम शायद एक व्यंग्य का रूपक है, लेकिन इसने जो मुद्दे उठाए हैं, उसने युवाओं का ध्यान आकर्षित किया है। अब यह देखने की बात होगी कि देश में राजनीति का फलक जितना विस्तृत, जटिल और चुनौतियों से भरा है, उसमें सीजेपी अपना कितना विस्तार कर पाएगी।

इससे पहले कुछ लोकप्रिय मुद्दों के साथ आम आदमी पार्टी के उभार ने भी भारतीय राजनीति में एक उम्मीद पैदा की थी। यही वजह है कि आभासी दुनिया से जमीन पर उतरी सीजेपी को लेकर भी लोगों के भीतर कई तरह की आशंकाएं हैं और इसे सावधानी के साथ देखा जा रहा है। ऐसे में हाल ही में उभरी सीजेपी ने जिस तरह इस मुद्दे को आवाज दी है, उससे विद्यार्थियों और युवाओं के बीच एक नई उम्मीद पैदा हुई है। हालांकि काकरोच जनता पार्टी के नाम से शुरू अभियान को आभासी दुनिया के एक तात्कालिक गुबार के तौर पर ही देखा गया था। मगर सड़क पर प्रदर्शन और उसमें लोगों की भागीदारी के बाद अब सीजेपी ने खुद को एक विकल्प के तौर पर पेश किया है।

# सेबी के धोखाधड़ी आरोपों से राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयर धड़ाम, तीन दिन में 14 फीसदी गिरे




**नई दिल्ली।** सेबी द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों के बाद राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयर लगातार तीसरे दिन निचले सर्किट पर पहुंच गए। कंपनी के प्रवर्तक राजेश मेहता पर प्रतिबंध लगा। जानें क्या हैं आरोप और कंपनी का जवाब।

रत्न और आभूषण के कारोबार से जुड़ी कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के शेयरों सोमवार को लगातार तीसरे दिन लोअर सर्किट लगा। पिछले सप्ताह सेबी की ओर से बड़े वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों पर अंतरिम आदेश पारित करने के बाद यह गिरावट आई है। पिछले तीन दिनों में कंपनी के शेयरों में 14 फीसदी से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है।बीएसई पर कंपनी के शेयर 4.98 फीसदी गिरकर 94.50 रुपये के निचले सर्किट पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई पर यह 4.99 फीसदी गिरकर 93.80 रुपये पर आ गया।

सेबी की कार्रवाई के बाद से 3 जून से राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयर बीएसई पर 14.20 फीसदी तक लुढ़क चुके हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने 3 जून को राजेश एक्सपोर्ट्स के प्रवर्तक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मेहता को कंपनी की प्रतिभूतियों में कारोबार करने से रोक दिया था। सेबी ने वित्तीय विवरणों में बड़े पैमाने पर गलत बयानी और धन के हेरफेर का आरोप लगाया है। नियामक ने 109 पन्नों के अंतरिम आदेश में पाया कि राजेश एक्सपोर्ट्स ने पांच वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का समेकित राजस्व बढ़ाया। यह राजस्व विदेशी सहायक कंपनियों, विशेषकर वालकैम्बी एसए को जिम्मेदार ठहराया गया। जबकि सहायक कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों में इन राशियों का केवल एक छोटा हिस्सा ही दिखाया गया था।

### सेबी के मुख्य आरोप

सेबी का आरोप है कि राजेश एक्सपोर्ट्स ने अपने वित्तीय विवरणों में बड़े पैमाने पर हेरफेर किया। कंपनी पर धन के हेरफेर और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का आरोप है। नियामक ने कहा कि कंपनी ने पांच वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व बढ़ाया। यह राजस्व मुख्य रूप से विदेशी सहायक कंपनी वालकैम्बी एसए के माध्यम से दिखाया गया।

### कंपनी ने आरोपों पर दी सफाई

राजेश एक्सपोर्ट्स ने शुक्रवार को बढ़े हुए राजस्व के आरोपों को खारिज कर दिया। कंपनी ने इन्हें अनुमानित निष्कर्ष बताया है। बेंगलुरु स्थित इस सोने के आभूषण निमार्ता ने कहा कि सेबी के अंतरिम आदेश ने केवल कुछ पहलुओं पर संदेह उठाया है। कंपनी ने यह भी दोहराया कि किसी भी कंपनी के मामले में कोई निर्णायक प्रतिकूल निष्कर्ष फिलहाल नहीं निकाला गया है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त, नियामक ने शुरू की जांच




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे, दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर अचानक बिगड़े मौसम ने विमानन कंपनी एअर इंडिया का बड़ा नुकसान कराया है। रविवार को अचानक आए तूफान और तेज बारिश की वजह से पार्किंग में खड़े एअर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए विमानन सुरक्षा नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत प्रभाव से मामले की जांच शुरू कर दी है।

तेज आंधी और बारिश के इस माहौल में वहां खड़े एअर इंडिया के तीन पतनी बॉडी वाले ए320 विमानों को बाहरी वस्तुओं और जमीनी उपकरणों (ग्राउंड सपोर्ट इक्विपमेंट) की चपेट में आने से नुकसान पहुंचा।

इस दुर्घटना का मुख्य कारण तेज हवाएं थीं। बयान के मुताबिक, आंधी इतनी तेज थी कि पास के स्टैंड और आसपास के इलाकों में रखे गए दो ग्राउंड उपकरण अपनी जगह से खिसक गए। ये उपकरण अनियंत्रित होकर दो अलग-अलग विमानों से जा टकराए, जिससे विमानों के विभिन्न हिस्सों में डैमेज हुआ। इसके अलावा, इस झटके और प्रभाव के कारण एक तीसरे विमान की दाहिनी तरफ की स्लाइडिंग विंडो (खिड़की) भी क्षतिग्रस्त हो गई।

विमानों से टकराने वाले ये उपकरण किन कंपनियों के थे?

एयरपोर्ट ऑपरेटर की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मौसम बिगड़ने के कारण अपनी जगह से खिसकने वाले ये ग्राउंड उपकरण एअर इंडिया इंजीनियरिंग और इंडिगो के थे। तेज हवाओं के कारण ये उपकरण टर्मिनल 2 पर खड़े इन विमानों से टकरा गए।

सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया गया है कि डीजीसीए ने इस पूरी घटना की सघन जांच शुरू कर दी है। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, क्षतिग्रस्त हुए सभी तीनों विमानों को फिलहाल ग्राउंडेड (उड़ान से हटाना) कर दिया गया है। अब इन विमानों का तकनीकी निरीक्षण (इंस्पेक्शन) किया जाएगा और मरम्मत (मेंटेनेंस) का काम पूरा होने के बाद ही इन्हें दोबारा सेवा में शामिल किया जाएगा।

यह घटना इस बात का प्रमाण है कि खराब मौसम के दौरान हवाई अड्डों पर जमीनी परिचालन के लिहाज से सुरक्षा उपाय कितने महत्वपूर्ण हैं। डीजीसीए की जांच रिपोर्ट से यह साफ हो सकेगा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एयरपोर्ट ऑपरेटरों और एयरलाइंस को किन नए प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

# सोना 1100 रुपये तो चांदी 5000 रुपये टूटी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के सराफा बाजार में सोना 1,100 रुपये और चांदी 5,000 रुपये कमजोर हुई है। इसके पीछे कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया का तनाव प्रमुख कारण है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में आए अचानक उछाल और महंगाई बढ़ने की चिंताओं के बीच भारतीय सराफा बाजार में सोने और चांदी की चमक फीकी पड़ गई है। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह साफ हो गया है कि निवेशक अब कीमती धातुओं की 'सुरक्षित निवेश' (सेफ-हेवन) वाली पारंपरिक छवि से ज्यादा ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और उसके असर पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सोमवार को दिल्ली के सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 1,100 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के साथ, शुक्रवार के 1,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से लुढ़क कर सोना अब 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया है। वहीं, सफेद धातु यानी चांदी पर भी भारी दबाव देखा गया। चांदी की कीमत 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम टूटकर 2,55,700 रुपये (सभी करों सहित) हो गई है, जो पिछले कारोबारी सत्र में 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर थी।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में कितनी आई गिरावट?

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 4,291.79 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इसके साथ ही, चांदी भी 1.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66.93 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार कर रही थी।

कच्चे तेल में भारी उछालः वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें लगभग 5 प्रतिशत बढ़कर 97.44 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं, जिसने वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ने का डर पैदा कर दिया है। मजबूत अमेरिकी आंकड़े और डॉलरः लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग के अनुसार, उम्मीद से बेहतर अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने सोने-चांदी की 'सेफ-हेवन' अपील को कमजोर कर दिया है।

# पुतिन बोले : 'ब्रिक्स वैश्विक इकोनॉमी का नया पावरहाउस हाई-टेक निर्यात में एक-तिहाई हिस्सेदारी'



**नई दिल्ली।** दुनिया में आर्थिक मोर्चे पर एक नया बदलाव दिख रहा है और ब्रिक्स देश इसके विकास का मुख्य इंजन बन चुके हैं। 29वें सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वैश्विक जीडीपी वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा (49 प्रतिशत) ब्रिक्स देशों से आया है। यह आंकड़े बताते हैं कि उभरते बाजार अब वैश्विक पटल पर एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो रहे हैं।

### व्यापार और अर्थव्यवस्था पर ब्रिक्स का दबदबा

वर्तमान में, क्रय शक्ति समता के आधार पर वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स का योगदान लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, व्यापारिक मोर्चे पर भी इन देशों ने तेजी से प्रगति की है। पुतिन ने कहा है कि ब्रिक्स के अस्तित्व में आने के बाद से वैश्विक माल व्यापार में इसकी हिस्सेदारी दोगुनी से अधिक हो गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सदस्य देशों के बीच आपसी व्यापार 1 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है।

### बहुध्रुवीय विश्व और समान विकास की वकालत

आर्थिक विकास के साथ-साथ इस मंच पर वैश्विक समानता का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। पुतिन ने कहा, दुनिया तब अधिक न्यायसंगत बनती है जब आर्थिक विकास उन अरबों लोगों तक पहुंचता है जो पहले वैश्विक अर्थव्यवस्था के हाशिये पर थे। इसी कड़ी में चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग ने वैश्विक प्रशासन की एक निष्पक्ष प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

### उभरते बाजारों का भविष्य : अफ्रीका और मध्य एशिया

इस आर्थिक महाकुंभ में अफ्रीका और मध्य एशिया जैसे क्षेत्रों की विकास क्षमता को भी रेखांकित किया गया। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव ने बताया कि रूस और उज्बेकिस्तान के बीच सहयोग अब केवल व्यापारिक नहीं रहा, बल्कि यह तकनीकी गठबंधन और संयुक्त उत्पादन परियोजनाओं में बदल गया है, जिसका कुल पोर्टफोलियो 50 अरब डॉलर से अधिक है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## दाने-दाने को तरस रहे ईरानी, महंगाई ने तोड़े दूसरे विश्व युद्ध के रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ईरान की अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। महंगाई 80 साल के सर्वोच्च स्तर पर है और खाने-पीने की चीजें आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं। अमेरिका-इस्राइल के साथ युद्ध, नौसैनिक नाकेबंदी और दशकों पुरानी आर्थिक नीतियों ने ईरान को कैसे खस्ताहाली के मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है? आठ आसान सवालों में समझें पूरी कहानी। पश्चिम एशिया में फरवरी महीने से शुरू हुआ जंग अब ईरान की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ता दिख रहा है। अमेरिका और इस्राइल की ओर से किए गए हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को ब्लॉक कर जहां अमेरिका को खूब छकाया है, वहीं उसके इस कदम से वैश्विक कच्चे तेल की सप्लाई भी लगभग ठप पड़ गई और इसका असर बड़े पैमाने पर भारत समेत दुनियाभर के देशों को झेलना पड़ा।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

पत्नी : मैं दो हफ्ते के लिए मायके जा रही हूं।
पति : बहुत बढ़िया!
पत्नी : क्या बहुत बढ़िया?
पति : मेरा मतलब... तुम्हारा सफर बहुत बढ़िया रहे!

---

टीचर : बताओ, बिजली कहां से आती है?
पप्पू : मामा के घर से।
टीचर : वो कैसे?
पप्पू : जब भी बिजली जाती है, पापा कहते हैं सालों ने फिर काट दी!

---

डॉक्टर : आपकी रिपोर्ट बिल्कुल ठीक है।
मरीज : तो फिर ये कमजोरी क्यों लगती है?
डॉक्टर : बिल भरने के बाद ठीक हो जाएगी।

---

पत्नी : मैं कैसी लग रही हूं?
पति : कसम से दिल कर रहा है...
पत्नी : क्या?
पति : मोबाइल निकालकर फोटो खींच लूं, ताकि बाद में भी डर सकूं।

---

दोस्त : यार, तेरी बीवी तुझसे प्यार करती है?
पति : हां, बहुत करती है।
दोस्त : कैसे पता?
पति : मेरा मोबाइल रोज चेक करती है, इतनी केयर तो मां भी नहीं करती थी!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 09 06 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन


### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


सोनम कपूर (अभिनेत्री)


हर्षिता


आकांक्षा गुप्ता


सोनम कुमारी


जितेन्द्र सिंह


एड. मनीष राज


आशीष अरोड़ा


जितेंद्र नागर


कपिल पांचाल


डॉ. सत्यवीर मानव


गौरव गर्ग


मुकेश कुमार


पुनीत कंडेरा


सोनू कुमार


सुभाष चंद दूबे


विनय कुमार


अभिषेक



विकास भाटी


इमरान रिजवी


अनुराग शर्मा


अरूण तिवारी


बाबू नागर


हरिशंकर


मोहित कर्दम


दीप्तों नारायण


नवीन जायसवाल


सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

09 June -26 page 5 08-06-2026 10:24 PM Page 1



# सांसद, विधायक, मंत्री और मेयर दें जनता के सुझावों पर ध्यान

## जनता चाहती है मौहल्लों में विकास के बहुत सारे काम




**बिमला रावत** (करंट क्राइम)

वार्ड 79, इंदिरापुरम। हमारे क्षेत्र की प्रमुख समस्याएँ : अवैध अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है। रोजाना लगने वाले अस्थायी बाजारों से यातायात और सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इंदिरापुरम में विकास कार्यों की गुणवत्ता और रखरखाव संतोषजनक नहीं है। नहर किनारे अवैध झुग्गियों का विस्तार हो रहा है। ठेकेदारों के काम मे कमियां। अभय खण्ड-3 में अवैध कब्जों की शिकायत कई बार करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। मोबाइल टावर संबंधी शिकायतों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नालियों का निर्माण तो हुआ, लेकिन पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी सड़ रहा है और दुर्गंध फैल रही है।

**मौ. युनुस कुरैशी** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 95 केला भट्ठा। पीने के पानी की व्यवस्था बहुत ही खराब है। कालू कुरैशी मार्केट से लेकर गौशाला फाटक तक की सड़क की दुर्दशा बहुत ही बुरी है। इसमें कई गलियों की हालत बहुत ही बुरी है। आपके सम्मानित समाचार पत्र के माध्यम से निवेदन है कि संबंधित अधिकारी एवं पार्षद मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**अमित भारद्वाज** (करंट क्राइम)

वार्ड 9 में जल भराव की समस्या बरसात आने पर हो जाती है तो बरसात आने वाली है उससे पहले नाले की सफाई हो जाए दीवार बन जाए नाले की जो टूटी हुई है हमारे वार्ड नंबर 9 में जल भराव एक बहुत बड़ी समस्या है।

**इआर पवन मेहता** (करंट क्राइम)

सभासद ही बदलना है, ऐसा पढ़ा लिखा सभासद होना चाहिए जो अपने विवेक से क्षेत्र की समस्या खुद ही भांप कर बोर्ड में आवाज उठा कर मांग कर सके। साफ सफाई चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण जल की सप्लाई किसी भी स्रोत से चाहिए जिसके लिए जनता त्राहिमाम कर रही है, वार्ड नंबर 34, मोहल्ला नवनीत विहार, नगरपालिका परिषद खोड़ा मकनपुर।

**ठाकुर अंकित सिंह** (करंट क्राइम)

वार्ड 44 अर्थला में टूटी सड़कें गंदा पानी नालियों की सफाई न होने के कारण जनता नर्क में रहने को मजबूर।

**सोनू भाटी** (करंट क्राइम)

हमें मोहल्ले में नहीं एशिया की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद में एक अत्याधुनिक सरकारी अस्पताल 2000 बेड का चाहिए जिसका प्रस्ताव जल्द ही पास करवा कर लाऊँगा और साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सरकारी अस्पताल जनता को समर्पित होगा।

**एडवोकेट विपिन सैनी** (करंट क्राइम)

किसी भी पार्षद को 4-4, 5-5,6-6 बार पार्षद बना दिया जाता है और कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जाती है यह बिल्कुल निंदनीय है। यह बदलाव होना चाहिए प्रत्येक कार्यकर्ता को हिस्सेदारी मिलनी चाहिए जब ही समन्वय के साथ संगठन पार्टी के कार्यकर्ता का निर्माण होता है।

**नंदन करण** (करंट क्राइम)

बिजली सड़क चाहिए। वार्ड 64 हिन्दू बाहुल्य क्षेत्र में एक ट्रांसफार्मर होने की वजह से लोगों की हर साल बिजली संकट का सामना करना पड़ता है ,वार्ड 64 के मौजूदा पार्षद सीधा कहता है कि योगी मोदी से लाइट ले लो नहीं लगने दूंगा ट्रांसफार्मर ।

**दीपक कुमार** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 01 में पानी की निकासी चाहिए और जो सड़क नहीं बनी है वार्ड में वो बननी चाहिए एवं मैंने सर्विस रोड का कार्य जल्द हो।

**गौरव श्रीवास्तव** (करंट क्राइम)

वार्ड 10 में सड़कों की साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्को की साफ सफाई और एक अच्छा प्रतिनिधि जो जनता के लिये काम करे न कि सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए।

**मनोज कुमार बोहरा** (करंट क्राइम)

वार्ड 28 राजीव कॉलोनी में जरूरत है सामुदायिक भवन, बारात घर, बच्चों के खेलने कूदने के लिए एक पार्क की व्यवस्था की जाए।

**मिथलेश गुप्ता** (करंट क्राइम)

बिल्कुल सही कहा वो उनका काम करते हैं जो पैसे वाले हैं हैसियत देखकर।

**पंकज शर्मा** (करंट क्राइम)

वार्ड 9 में मानसून और बारिश में जलभराव : सिब्बनपुरा और उससे सटे पटेल नगर द्वितीय के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के बाद भी सड़कों और गलियों एवं घर में पानी पहुंच जाता है। क्षेत्र की पुरानी ड्रेनेज और सीवर लाइनें के कारण गंदा पानी सड़कों पर ओवरफ्लो करता है, जिससे जल जनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। मेट्रो पॉइन्ट पर ऑटो ई रिक्शा ने वार्ड 9 की एंट्री लगभग खत्म कर दि है सोमवार बाजार और छबील स्कूल ने मुख्य सड़क पर कब्जा कर लिया है।

**भूपेन्द्र गोस्वामी** (करंट क्राइम)

बरसात से पूर्व सभी छोटे नालों की सफाई ताकि आने वाले मानसून में जलभराव की स्थिति न हो पाए, बारिस का पानी बिना अवरोध बड़े नालों में पहुंचे ताकि सोसायटियों में जलभराव की स्थिति न बन पाए ।

**अमित राष्ट्रवादी** (करंट क्राइम)

मैं एक वार्ड की बात नहीं करूंगा। मैं हर एक वार्ड की बात करूंगा हर वार्ड में हर समाज हर जाति वर्ग के बच्चो के लिए शिक्षा मेरी पहचान के नाम से पुस्तकालय होना चाहिए।

**राजा चरण** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 10 में पप्पू कॉलोनी शमशान घाट यह बहुत अहम मुद्दा है इसकी चारों तरफ से बाउंड्री होनी चाहिए जो अभी तक नहीं हुई है शर्म की बात तो यह है केंद्र में सरकार भाजपा की उत्तर प्रदेश में सरकार भाजपा की गाजियाबाद के सांसद भाजपा के गाजियाबाद की महापौर भाजपा की गाजियाबाद साहिबाबाद के विधायक भाजपा के वार्ड नंबर 10 के निगम पार्षद भाजपा के और आज तक एक कार्य संपूर्ण नहीं किया गया यह वार्ड नंबर 10 का बहुत बड़ा मुद्दा है कृपया करके इसकी चारों तरफ की फाउंड्री कराई जाए।

**सुशील श्रीवास्तव** (करंट क्राइम)

हमें वार्ड नंबर 18 सहित संपूर्ण लोनी नगरपालिका के वार्डों में समुदाय भवन चाहिए ताकि कालोनीयों की वोट देने वाली मध्यमवर्गीय जनता अपनी बहन-बेटियों की शादी निशुल्क करवाने के लिए सक्षम हो सकें! आज तक लोनी में जनप्रतिनिधियों के द्वारा लोनी के प्रत्येक वार्ड में समुदाय भवन को लेकर कोई जिकर या चर्चा तक नहीं की गई, यह बात भी उनके आज तक के राजनैतिक कैरियर पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है...?

**अमरजीत झा** (करंट क्राइम)

हमारे वार्ड 45 करहरा सीटी फॉरेस्ट गौशाला रोड हर साल बारिश के मौसम में हिंडन नदी का बाढ़ आ जाती है। बहुत जान माल की नुकसान होती है। 3 साल पहले प्रशासन ने कहा था हिंडन नदी के किनारे बांध बनेगा जो आज तक नहीं शुरू हुआ है।

**जानी जैनवाल** (करंट क्राइम)

हमारी अपील है माननीय मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ जी कुछ दबंग लोगों ने वार्ड 17 में आईएमसी की भी जमीन देखते हैं और कुछ जमीनों पर रास्ते रोक दिए हैं उन्हें कब्जा मुक्त कराकर वाल्मीकि धर्मशाला या वाल्मीकि शिक्षा केंद्र बनाया जाए।

**राकेश अरोड़ा बुद्धिराजा** (करंट क्राइम)

वार्ड 86 ब्लाक 2 सैक्टर 5। रिहाइशी क्षेत्र से भरपूर ट्रैफिक से निजात चाहिए।

**विनोद कुमार** (करंट क्राइम)

मुरादनगर वार्ड नंबर 14 में हंस कॉलोनी का खड़ंजा पिछले 16 वर्षों से नहीं बना है पूरा रास्ता खस्ताहाल जल भराव रहता है हमेशा कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है करा सकते हो तो करा दो।

**राहुल परिहार** (करंट क्राइम)

वार्ड 41 में साफ-सफाई की गहन समस्या बनी हुई है। पार्षद महोदय से निवेदन है कि इस ओर ध्यान दें।

**पडित मोहित मुदगल** (करंट क्राइम)

वार्ड 27 डुंडाहेड़ा। लाइब्रेरी पब्लिक। सीवरलाईन। बारातघर। बिहारी मार्केट पीर से आगे में मैन रोड पर हमेशा के लिए कूड़ा गिरना बंद हो जाए। जिससे आने जाने वालों को बहुत दिक्कत होती है। श्मशान घाट होना चाहिए।

**सुनील शर्मा** (करंट क्राइम)

हमको केवल पार्षद रवि भाटी जी चाहिए।

**शौकत कुरैशी** (करंट क्राइम)

वार्ड 92 मैं स्वच्छ पानी की आवश्यकता है। जल बिन सब सून।

**शंकर यादव** (करंट क्राइम)

वार्ड शास्त्री नगर रजापुर में भूमि माता मंदिर पर एक नई प्लॉटिंग है 2 साल पुरानी। उस कॉलोनी में रास्ता बहुत ज्यादा बेकार है हमारे पार्षद हैं पवन गौतम जी अगर उन तक ये आवाज पहुंचे और काम हो जाए तो बहुत मेहरबानी हो जाएगी। वैसे हमारे पार्षद जी बहुत अच्छे इंसान हैं।

**धीरज कुमार** (करंट क्राइम)

वसुंधरा मंडल वार्ड 36 में वसुंधरा गेट पर प्राइमरी स्कूल है। ठीक उसी के सामने एक दारू का ठेका है। वह भी बहुत टाइम से शाम को आने-जाने में बहुत दिक्कतें होती है पूरी तरीके से जाम लग जाता है मैं तो बस यही चाहता हूं की प्राइमरी स्कूल के सामने से उस ठेके को हटाया जाए क्योंकि स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है।

**संदीप शर्मा** (करंट क्राइम)

वार्ड 63 गांव पसौंडा साहिबाबाद विधान सभा मीट की दुकान खुल्लम खुलती है कोई परदा तो होना चाहिए। पसौंडा गांव का हाल आकर देखिए।

**हरीश गुर्जर** (करंट क्राइम)

बदलाव चाहिए वार्ड 77 मे इस बार।

**नमिता भल्ला** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 19 में वाह ताजमहल हटाया जाए। जे ब्लॉक का पेड़ काटा जाए। लाइट प्रॉपर हो।

**दुष्यंत शर्मा दीपक** (करंट क्राइम)

वार्ड नं 4 मे साफ पानी की बेहद जरूरत है।

**प्रवीण त्यागी** (करंट क्राइम)

वार्ड 50, कम्युनिटीज सेंटर जन हित के लिए।

**विकास कुमार शर्मा** (करंट क्राइम)

दीपक भाटी जी बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है आपने। वार्ड 47 महेंद्रा एनक्लेव शास्त्री नगर। जो लगभग 25 साल हो गए इस वार्ड को बने हुए। पहले चिरंजीव विहार ओर अब शास्त्री नगर के साथ जुड़ा हुआ है। अभी तक ये वार्ड 47 नगर निगम से नियमित नहीं हुआ है। 95% महेंद्रा एनक्लेव बस चुका है फिर भी किसी विधायक, सांसद, मेयर ने इसके संज्ञान मै नहीं लिया है। ये समस्या है वार्ड 47 महेंद्रा एनक्लेव की।

**गुलशन पाल** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 31 दोबारा भी नितिन कुमार जोनी ही पार्षद बनें।

**विमल प्रकाश** (करंट क्राइम)

आप कहां से इतनी समस्या सॉल्व करवाओगे।

**डा. दिलीप सक्सेना** (करंट क्राइम)

वार्ड 47 सड़कों पर अतिक्रमण से छुटकारा मिलना चाहिए।

**सोनु कुमार कश्यप** (करंट क्राइम)

मुझे तो श्री विधायक संजीव शर्मा जी सांसद चाहिए गाजियाबाद में और वो भी मन्त्री के रूप मे वार्ड की तो छोड़ो फिर आप खुद देख लेना विकास और मुझे भाजपा से कुछ नहीं चाहिए।

**सुनील कुमार शर्मा** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 81 गुलाब वाटिका पार्क पिछले 1 साल से उसे पर ताला लगा हुआ है। आम जनता पार्क में जाने से वंचित है पहले भी एक दो बार आपके पेपर के माध्यम से यह खबर चली थी लेकिन अभी भी बुरा हाल है। बच्चे-बुजुर्ग पार्क में नहीं जा सकते एक एक ज्येष्ठ माह में अमावस्या आती है जिसमें पार्क के अंदर वटवृक्ष है उसकी पूजा होती है लेकिन अबकी बार बहुत महिलाएं भी पूजा करने के लिए वछित रही अगर देखना है तो आ जाओ हम दिखा सकते हैं धन्यवाद।

**कृष्णा ठाकुर** (करंट क्राइम)

हमारे घर के सामने का पार्क हमें दिलवा दो। बच्चों का आना जाना खेलना बैठना बंद है।

**अकील हिंदुस्तानी** (करंट क्राइम)

वार्ड 92 गलियां नहीं बनी और जो बनी हैं वो टूट गई हैं।

**मानस झा** (करंट क्राइम)

वार्ड 9 ई ब्लाक में एक बहुत बड़ी पानी की टंकी है जिसका आजतक प्रयोग नही हुआ। बहुत सारी पार्क की जगह बेकार पड़ी है मेरा अनुरोध कि इस पानी की टंकी को हटा कर इसे पार्क बनाकर बच्चो को समर्पित किया जाये।

**कलुवा सिंह** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 19 अच्छी साफ सफाई अच्छे पार्क अच्छी लाइटिंग व्यवस्था जो भी सरकार से सुविधा मिलती है उनकी जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए।

**नेगी विकास** (करंट क्राइम)

वार्ड 48 स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर कूड़े के ढेर को हटाने एवं सड़क पर बने गड्ढे को भरवाना। इसके बारे में कई बार विभाग को पत्र भी दे दिया गया है बार-बार विभाग द्वारा समय मांगा जाता है उनका कहना है इसे स्थानांतरित कर दिया जाएगा जो अभी तक नहीं हुआ मंदिर हमारे धर्म की आस्था है इसलिए कूड़े का ढेर मंदिर के बाहर नहीं होना चाहिए।

**मुकेश राघव** (करंट क्राइम)

वार्ड 27 शांति नगर में, सामुदायिक केंद्र बनना चाहिए। वरिष्ठों के लिए पार्क, पीने का पानी, वाटर एटीएम। सफाई व्यवस्था स्वच्छ वार्ड, शांति नगर का मेन रास्ता दुरुस्त होना चाहिए जो अभी तक ठीक नहीं हो पाया है शांति नगर की जनता को आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। दया फॉर्म वाला रास्ता शांति नगर से से कनेक्ट करने की प्राथमिकता की जाए, यह इस कॉलोनी का मेन रास्ता है।

**संजय प्रधान** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 6 में एक सरकारी अस्पताल की अति आवश्यक है ताकि यहां की जनता को स्वास्थ्य लाभ मिल सके यह मलिन बस्ती है।

**वीरेन्द्र कुमार कंडेरे** (करंट क्राइम)

मीडिया कर्मियों को एक-एक बात की पता रहती है। हर गली हर मोहल्ले की। हर नगर शहर की। कृपा करके आप ही स्थिति को देखें और समस्या सोल्ड करने का काम करें।

**नमिता भल्ला** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 19 में घरों के आगे बगीचा लगा लिया गया है और गाड़ियां सड़कों पर खड़ी होती हैं जिससे लड़ाई होती है तो सब अपना एंक्रोचमेंट हटाकर वहां गाड़ी खड़ी करें।

**धर्मेन्द्र शर्मा** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 29 पंचशील में जर्जर बदहाल पार्क का जीर्णोद्वार एवं सौंदर्यीकरण एवं पीने के पानी के लिए यूजीआर चाहिए।

**जितेन्द्र यादव** (करंट क्राइम)

क्रॉसिंग मंडल के वार्ड नंबर 7 या 27 में कन्या इंटर कॉलेज की बहुत आवश्यकता है।

**अरुण मेहरा** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 12 में एलपीजी गैस पाइपलाइन और अंडरग्राउंड बिजली क्योंकि हल्की-सी बारिश और आंधी में तुरंत बिजली काट दी जाती है।

**अमित गुर्जर** (करंट क्राइम)

वार्ड 29 रामविहार लोनी बंथला चिरोड़ी मार्ग पर चल रहे अवेध ट्रैक्टर ट्रॉली बंद हो , बंथला चिरोडी मार्ग पर डिवाईडर बहुत जरूरी है रोज एक्सीडेंट होता है।

**विकास कुमार शर्मा** (करंट क्राइम)

वार्ड 47 महेंद्रा एनक्लेव में सीवर लाइन होनी चाहिए।

**विनीता पाल** (करंट क्राइम)

वार्ड 17 में भाजपा के पुराने नेता ही अपने आपको सब कुछ मानते हैं। 14 साल से भी कार्य करने वाले को भी कोई महत्व नहीं दिया जाता। उनके रिश्तेदार उनके चाहने वाला है उनका बेटा है जो पार्टी के प्रोग्राम में कभी जाता भी नही उनकी नजर में वो अच्छा कार्य कर रहा है। दोगली राजनीति हो रही है वार्ड 17 में बहुत अधिक दादागिरी चल रही है।

**रीतू** (करंट क्राइम)

अतिक्रमण बेहद ज्यादा है। तुलसी निकेतन में पूरी कॉलोनी में अतिक्रमण किया हुआ है। रोड पर दुकान और 3 मजिल पर मकान बना कर अपना मकान किराए पर देकर किराया खाते हैं। रोड सालों से नहीं बना है। साफ-सफाई नहीं होती, कूड़े के ढेर पड़े हैं। आग लग जाती है। बहुत बदबू की वजह से बीमारी हो जाते हैं। गली की लाइट खराब होने की वजहें से चोरी होती है। वार्ड 20 तुलसी निकेतन भोपुरा गाजियाबाद साहिबाबाद। 20 सालो से कोई काम नहीं हुआ कोई सुनवाई नहीं होती नेता आते है भाषण देते हैं चले जाते हैं।

**गीता सिंह** (करंट क्राइम)

वार्ड नंबर 68 ब्रिज विहार में नाले की समस्या से परेशान हैं। जलभराव और पीने का गंदे पानी का आना भी एक बहुत बड़ी समस्या है। अतिक्रमण बहुत हो गया है।

**प्रशांत कुमार** (करंट क्राइम)

मुरादनगर रावली रोड पर चौड़ीकरण मामले हिन्दू परिवारों की चिंता हमेशा बनी रहती है ना जाने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मनमानी जिसके करणा हिन्दू परिवार अपने घरों से बेघर हो रहे हैं। विधानसभा चुनाव आ रहे है अगर यूपी सरकार के पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के द्वारा हिंदू परिवार का कोई अभी तक सुध लेने नहीं आया है। खटीक समाज हमेशा भाजपा के साथ रहा है अगर कोई समाधान नहीं निकलता है भाजपा खटीक समाज वोट बैंक दूसरी पार्टी में शामिल हो जाएगा।



**संदीप शर्मा** (करंट क्राइम)

वार्ड नं 7 सुदामापुरी में डिस्पेंसरी की बहुत बड़ी समस्या है। बरातघर की जमीन पड़ी हुई है पर आज तक बना नहीं है।

**पंडित हिमांशु स्वामी** (करंट क्राइम)

वार्ड 88 में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सड़कें टूटी पड़ी हैं राम नगर के लोगों को पानी मिलने में भी दिक्कत आ रही है। बारिश आने वाली है नालों की सफाई अभी तक नहीं हुई है जिससे जलभराव का संकट हर बार की तरह समस्या पैदा करेगा।

**अर्जुन पंडित** (करंट क्राइम)

वार्ड 10 डीएलएफ कॉलोनी सी 1 ब्लॉक में आरसीसी सड़क निर्माण, सरदार पटेल एकता पार्क और लवकुश पार्क में पूर्ण सौंदर्यीकरण। सरदार पटेल एकता पार्क में ओपेन जिम जो स्थानीय पार्षद के बस की बात नहीं। भोपुरा गेट से शहीद भगत सिंह चौक तक आरसीसी नाले सहित मुख्य सड़क का निर्माण। अवैध पोस्टर होर्डिंग की सफाई। सुबह शाम साफ स्वच्छ पीने का पानी जो विधायक ने 10 साल में भी उपलब्ध नहीं करवाया।

**सोनू भाई प्रजापति** (करंट क्राइम)

वार्ड 29 में बिजली कटौती का समाधान और रोड और नाली सफाई और कबाड़े के गोदाम हटाए जायें। जिन्स की फैक्ट्री बंद की जाए।

**अनु चौधरी** (करंट क्राइम)

किस वार्ड में क्या चाहिए हमें नहीं पता मगर हमारे वार्ड के बारे में अगर हम कहें वार्ड 78 की सबसे सुन्दर वार्ड है। हमारे वार्ड में कभी किसी चीज की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। समय से पहले हर कार्य हो जाता है जैसे की सफाई व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। बेहतर सीवर प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा है। तो पूछो ही नहीं कभी भी कोई भी किसी समय आ जा सकता है माताएं बहनें सुरक्षित और सुंदर स्थान पर जो सार्वजनिक स्थान है जैसे कि शहीद स्थल हो गया सभी पार्क हो गए बैठने की बहुत सुंदर व्यवस्था है हमारे वार्ड के या यह कहीं की वार्ड 78 के परिवार के सदस्य पप्पू पहलवान भाई ने सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अधिकतर सभी पार्कों में ओपन जिम की व्यवस्था कराई है। सीवर ओवरफ्लो की समस्या कभी नहीं होती है बाई चांस कहीं पर हो गई तो उस का भी भाई बहुत ध्यान रखते हैं बड़ी बात नहीं है हमारे वार्ड में गंदगी, बदबू और बीमारियों कभी हो ही नहीं सकती क्योंकि वार्ड 78 सफाई का ओपन जिम का और समय-समय पर फॉगिंग का बहुत ध्यान रखना है इसके साथ ही खाली प्लॉटों की सफाई और वहां पर कीटनाशक दवाई छिड़कवाना यह पप्पू पहलवान भाई का बहुत ही सुंदर कार्य है और सार्वजनिक स्थलों पर नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा कभी हो ही नहीं सकता क्योंकि समय-समय पर थाने में शिकायत देना और सुबह रात अपने वार्ड में घूमना और इन सब बातो का ध्यान रखना पप्पू पहलवान भाई का एक विशेष कार्य है जो शायद ही कोई पार्षद करता हो अपने वार्ड के निवासियों, को अपना परिवार समझते हैं सभी का बहुत ध्यान रखते हैं कभी किसी को किसी भी समय कोई भी परेशानी हो जाए इस समय उनके साथ खड़े हो जाते हैं कभी किसी को कोई भी परेशानी हो किसी भी समय फोन कर सकते हैं फोन उठाता है और कभी अगर ना उठे तो वापस आता है इतना ही कहेंगे की बोर्ड 78 साहिबाबाद का नंबर वन वर्ड है और वैसे तो लोग भगवान से भी खुश नहीं होते हैं घटिया सोच का एकदो बंदा तो हर वार्ड में होता ही है।

**रितेश तोमर** (करंट क्राइम)

खुल के हो रहा है दारू स्मैक और गांजे का व्यापार। हमें चाहिए वार्ड 40 नसामुक्त।

**अरुण ठाकुर** (करंट क्राइम)

वार्ड 9 की प्रमुख जनसमस्याएँ। सिब्बनपुरा तथा उससे सटे पटेल नगर द्वितीय के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा के बाद भी सड़कों, गलियों और कई घरों में पानी भर जाता है। इससे आम जनजीवन प्रभावित होता है तथा लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र की पुरानी और जर्जर ड्रेनेज तथा सीवर लाइनें वर्षा के दौरान पर्याप्त जल निकासी नहीं कर पाती हैं। परिणामस्वरूप गंदा पानी सड़कों पर ओवरफ्लो हो जाता है, जिससे जलजनित बीमारियों और संक्रमण का खतरा लगातार बना रहता है। मेट्रो पॉइंट के आसपास ऑटो और ई-रिक्शा की अनियंत्रित पार्किंग एवं संचालन के कारण वार्ड 9 के प्रवेश मार्ग लगभग अवरुद्ध हो गए हैं। इससे यातायात जाम और नागरिकों की आवाजाही में गंभीर कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं। सोमवार बाजार एवं छबील दास स्कूल के आसपास मुख्य सड़क पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ रही है। इससे सड़क की उपयोगिता कम हो गई है तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। बी-ब्लॉक कॉलोनी की सड़कें लंबे समय से खराब अवस्था में हैं। टूटी-फूटी सड़कें और गड्ढे नागरिकों के लिए असुविधा एवं दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इन सड़कों का शीघ्र पुनर्निर्माण एवं मरम्मत आवश्यक है। वार्ड 9 के कई पार्कों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। पार्कों में हरियाली, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा बच्चों के खेल उपकरणों का अभाव है। नागरिकों, विशेषकर बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के हित में पार्कों का नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया जाना आवश्यक है।

**ममता मेहरा झा** (करंट क्राइम)

वार्ड 78 की सबसे बड़ी आवश्यकता एक सुनियोजित सफाई व्यवस्था, बेहतर सीवर प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा है। कई स्थानों पर सीवर ओवरफ्लो की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे गंदगी, बदबू और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही खाली प्लॉटों और सार्वजनिक स्थलों पर नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। इसके अतिरिक्त भी कई समस्याएं हैं। जैसे - नियमित सफाई और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था। ओवरफ्लो सीवर और जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान। पार्कों और सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव। खाली प्लॉटों की सफाई और सुरक्षा। पेड़-पौधों की सिंचाई एवं संरक्षण।

**संदीप भाटी** (करंट क्राइम)

वार्ड 72 कौशांबी वैशाली समस्याएं तो अनेक है लेकिन आपके माध्यम से मुख्य समस्याओं से क्षेत्रीय प्रतिनिधि को अवगत कराना चाहता हूं वैशाली सेक्टर 1 में बह रहे गंदे नाले की वजह से क्षेत्रीय लोगों को काफी सालो से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे चर्म रोग एसी फ्रिज गैस निकल जाना और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का खराब होना। नाले की जहरीली गैस लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रही है। बरसात का मौसम आने वाला है नाले का ओवरफ्लो होने के कारण प्रतिवर्ष नाले का गंदा पानी वैशाली सेक्टर 1 के घरों और बेसमेंट मे घुस जाता है जिसके कारण लोगों को बहुत नुकसान उठाना पड़ता है पार्को की स्थिति बहुत ही खराब है जगह-जगह कूड़े का ढेर वार्ड में अतिक्रमण की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। समय पर सफाई नहीं होना स्ट्रीट लाइट खराब होना कौशांबी जैसे पॉश इलाके में बरसात में सड़कों पर पानी भर जाता है जहां से आम जनता का निकलना मुश्किल हो जाता है आखिर क्षेत्र की जनता की समस्या का समाधान कौन करेगा पूछती है वार्ड की जनता।




# इंदिरापुरम में एक सप्ताह से टूटी पड़ी पानी की लाइन, लोग परेशान





- श्रीराम चौक के पास सीवर लाइन डालने के दौरान टूटी थी लाइन
- शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं, दुकानदार बोले- बीमारी का खतरा

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम काला पत्थर रोड स्थित श्रीराम चौक के पास पानी की लाइन टूटने से एक सप्ताह से सड़क पर पानी भरा है। स्थानीय पार्षद राधेश्याम त्यागी का कहना है कि शिकायत के बाद भी नगर निगम ने मरम्मत नहीं कराई। बताया गया कि सीवर लाइन डालने के दौरान पानी की लाइन टूट गई थी। तभी से लगातार पानी बह रहा है और पूरी सड़क पर जलभराव हो गया है। इससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी दिक्कत हो रही है।

स्थानीय दुकानदार अनिल मेहंदी ने बताया कि मार्केट के सामने पानी भरने से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। दुकानों में भी पानी घुस रहा है। लगातार जलभराव से कीचड़ और बदबू फैल गई है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं। डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

दुकानदारों का कहना है कि कई बार निगम अधिकारियों और पार्षद से शिकायत की गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। एक हफ्ते से हालात जस के तस हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। फिसलन के कारण दुर्घटना का डर बना हुआ है।

पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि संबंधित विभाग को कई बार लिखित और मौखिक शिकायत दी जा चुकी है। अधिकारियों ने जल्द मरम्मत का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक टीम नहीं पहुंची। उन्होंने बताया कि रोज शाम और सुबह को जाम लगता है जिस कारण आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में लाइन ठीक नहीं हुई तो नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।



# चंद्र नगर चौक से बृज विहार तक नए नाले का निर्माण का महापौर सुनीता दयाल ने किया उद्घाटन

➪ चंद्र नगर टंकी से रिलायंस मॉल तक बनेगी सीसी रोड, वार्ड-97 में विकास कार्यों की सौगात, पार्षद भगवान अग्रवाल बोले- जरूरत के काम प्राथमिकता से होंगे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महापौर सुनीता दयाल ने सोमवार को वार्ड-97 में दो बड़े विकास कार्यों का उद्घाटन किया। पहला कार्य चंद्र नगर चौक से बृज विहार तक नाले का नए सिरे से निर्माण है। वहीं दूसरा कार्य चंद्र नगर टंकी से रिलायंस मॉल तक सीसी रोड बनाने का है।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि चंद्र नगर चौक से बृज विहार तक का नाला काफी जर्जर हो चुका था। बरसात में जलभराव और गंदगी की समस्या रहती थी। अब इस नाले को नए सिरे से बनाया जाएगा, जिससे आसपास की कॉलोनियों में जलनिकासी की समस्या खत्म होगी।

इसके साथ ही चंद्र नगर टंकी से रिलायंस मॉल तक की सड़क को सीसी रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। यह मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त था। सीसी रोड बनने से हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर वार्ड-97 के पार्षद भगवान अग्रवाल ने कहा कि वार्ड में जिस भी कार्य की आवश्यकता होगी, उसका संज्ञान लेकर शीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र के विकास के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। उन्होंने महापौर का आभार जताया। स्थानीय लोगों ने नाले और सड़क निर्माण के कार्य शुरू होने पर खुशी जताई। निवासियों का कहना है कि लंबे समय से इन कार्यों की मांग की जा रही थी। निर्माण पूरा होने पर जलभराव और टूटी सड़क की समस्या से निजात मिलेगी।

## शरबत वितरण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रेम नगर युवा मण्डल द्वारा हनुमान मंदिर प्रेम नगर नगर में छबील लगा कर मीठा शरबर वितरित किया गया। इस अवसर पर पंडित विजय शर्मा ( महंत हनुमान मंदिर प्रेम नगर गाजियाबाद) द्वारा भोले बाबा की शिवलिंग पर सभी कार्यकर्ताओं से जल अभिषेक कर छबील से राहगीरों को शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर कमल अरोड़ा, तुषार कटारिया, चिराग गांधी, भरत टुटेजा, आलोक दुबे, नितिन चौधरी, कुशानक कालरा, दीपक आदि मौजूद रहे।

# MSRT Facility Warriors की धमाकेदार जीत: EDV Skywalkers को 94 रनों से रौंदा, सेमीफाइनल की राह हुई आसान

- विकेटकीपर सौरभ शर्मा का 32 गेंदों में 97 रनों का तूफान, गेंदबाज राजेंद्र ने पावरप्ले में चटकाए 4 विकेट







**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** क्रिकगार्डन-2 ग्राउंड में खेले गए एक बेहद रोमांचक मुकाबले में MSRT Facility Warriors ने एकतरफा खेल दिखाते हुए EDV Skywalkers को 94 रनों के विशाल अंतर से शिकस्त दे दी। इस धमाकेदार जीत के साथ ही Warriors ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपनी दावेदारी बेहद मजबूत कर ली है।

**सौरभ और सोबिंदर के तूफान में उड़े गेंदबाज**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी MSRT Facility Warriors की शुरूआत बेहद आक्रामक रही। टीम ने निर्धारित ओवरों में स्कोर बोर्ड पर 204 रनों का विशाल पहाड़ खड़ा कर दिया। Warriors के विकेटकीपर बल्लेबाज सौरभ शर्मा ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की बरसात करते हुए मात्र 32 गेंदों में 97 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

हालांकि, वह अपने शतक से महज 3 रन चूक गए, लेकिन उनकी इस पारी ने मैच का रुख तय कर दिया। दूसरे छोर से सोबिंदर ने भी गेंदबाजों की क्लास लेते हुए 39 रनों का अहम योगदान दिया।

**राजेंद्र की घातक गेंदबाजी, 110 पर सिमटी Skywalkers**

205 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी EDV Skywalkers की शुरूआत बेहद खराब रही। MSRT के तेज गेंदबाज राजेंद्र ने अपनी आग उगलती गेंदों से पावरप्ले में ही विपक्षी टीम के 4 मुख्य बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर मैच को पूरी तरह एकतरफा कर दिया। इस घातक स्पेल के लिए राजेंद्र को मैच का 'बेस्ट बॉलर' चुना गया, जबकि तूफानी पारी खेलने वाले सौरभ शर्मा को 'बेस्ट बल्लेबाज' का पुरस्कार मिला। पूरी Skywalkers टीम दबाव के आगे बिखर गई और महज 110 रनों पर सिमट गई।

**फील्डर्स और गेंदबाजों का ऑलराउंड प्रदर्शन**

Warriors की इस सामूहिक जीत में ऑलराउंडर परसनजीत ने भी अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने पहले बल्ले से 35 रन जोड़े और बाद में 1 विकेट भी चटकाया। इसके अलावा रवि बैसला ने 2 विकेट लिए, जबकि कप्तान मुनेश शर्मा, ओम दत्त शर्मा और बासित ने 1-1 विकेट लेकर Skywalkers को संभलने का कोई मौका नहीं दिया।

गेंदबाजों के अलावा फील्डर्स ने भी मैच में पूरा जान फूंक दी। सीतेश प्रकाश और करण ने हवा में गोता लगाते हुए शानदार कैच पकड़े, वहीं उपकप्तान हिमांशु भाटी ने मैदान पर मुस्तैदी दिखाते हुए कई महत्वपूर्ण रन बचाए। इस एकतरफा जीत के बाद MSRT Facility Warriors के खेमे में जश्न का माहौल है, और टीम का नेट रन-रेट बेहतर होने से अब सेमीफाइनल का टिकट लगभग पक्का माना जा रहा है।

# श्रीराम कथा के छठे दिन हुआ राम-सीता विवाह व वनवास प्रसंग का वर्णन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्रीराम कथा के छठे दिन सोमवार को चित्रकूट धाम के कथावाचक पं. श्री कृष्ण प्रताप तिवारी ने श्रीमुख से अमृत वर्षा करते हुए राम-जानकी विवाह से लेकर वनवास तक के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। कथाव्यास ने बताया कि मिथिला में भगवान राम और माता जानकी का विवाह संपन्न हुआ। साथ ही सभी भाइयों का विवाह भी कराया गया। छह माह जनकपुर में बिताने के बाद राजा जनक ने राजा दशरथ समेत सभी बारातियों को विदा किया। अयोध्या में भगवान राम और माता सीता का भव्य स्वागत हुआ और पूरा नगर खुशियों से भर गया।

कुछ दिन बाद गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ से कहा कि राम अब बड़े हो गए हैं, उनका राजतिलक कर देना चाहिए। राजा दशरथ प्रसन्न होकर रानियों को बताने गए। माता कौशल्या बहुत खुश हुईं, लेकिन माता कैकेयी ने राजा से दो वचन मांग लिए। पहला- राम को चौदह वर्ष का वनवास और दूसरा- भरत का राजतिलक। यह सुनकर राजा दशरथ मूर्छित हो गए। होश आने पर उन्होंने कैकेयी से विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। राम, लक्ष्मण और सीता वन को चल दिए। पूरे अयोध्या में कोहराम मच गया। वन जाते समय राजा दशरथ ने रोते-रोते प्राण त्याग दिए। भरत ननिहाल में थे। अयोध्या लौटने पर जब उन्हें पूरी बात पता चली तो विलाप करने लगे और कहा कि मैं बड़े भाई को मनाकर लाऊंगा, राजगद्दी पर नहीं बैठूंगा। इसके बाद राम, सीता और लक्ष्मण चित्रकूट के वनों में पहुंचे। इस अवसर पर पार्षद राजीव भाटी, युग गुर्जर, हरी अग्रवाल सहित क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया।

# तुराब नगर में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

- व्यापार मण्डल के चेयरमैन रजनीश बंसल ने उठाई व्यापारियों की आवाज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर रामकेश्वर व जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक पूनम सिंह के निर्देशन में शासन की मंशानुरूप व्यापारी संवाद कार्यक्रम खंड-10, गाजियाबाद द्वारा तुराब नगर में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए राज्य कर विभाग तथा व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारियों ने भाग लिया।

व्यापारियों ने कर संबंधी जटिलताओं और व्यावहारिक कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की। रजनीश बंसल ने व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखा। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों को समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करने, आवश्यक दस्तावेजों का व्यवस्थित रखरखाव करने तथा कर कानूनों में होने वाले बदलावों को नियमित जानकारी रखने पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सहायक आयुक्त विपिन कुमार शुक्ला तथा राज्य कर अधिकारी आशीष माथुर ने विभागीय योजनाओं, सुविधाओं और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर धर्मपाल शर्मा, मनोज गोयल, सचिन शर्मा, पंकज जिंदल, संजय गोयल, गोपाल चंद, रजनीश बंसल, संदीप गुप्ता, लोकेश बंसल, संजीव गर्ग, अरविंद शर्मा, मेहता जी, राहुल जिंदल, आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# 41वीं वाहिनी पीएसी में 30वीं अंतर-वाहिनी वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 41वीं वाहिनी पीएसी में सोमवार पश्चिमी जोन 30वीं अंतर-वाहिनी वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेनानायक डॉ. दिनेश यादव, 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद रहे। उन्होंने आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर खेल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस क्लस्टर प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन की प्रत्येक वाहिनी से एक-एक टीम सहित कुल 14 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। खेल भावना और अनुशासन को सर्वोपरि रखते हुए प्रतियोगिता की शुरुआत में 41वीं वाहिनी के टीम कप्तान ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल के नियमों के पालन और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सेनानायक डॉ. दिनेश यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि आपसी समन्वय और टीम भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी टीमों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में उप सेनानायक अरुण कुमार सिंह, सहायक सेनानायक जगवीर सिंह चौहान, सहायक सेनानायक प्रीती खरवार, 47वीं वाहिनी पीएसी के उप सेनानायक वीर बहादुर सिंह एवं सहायक सेनानायक अन्विता उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# संतोष डेंटल कॉलेज में 17-दिवसीय तंबाकू विरोधी अभियान संपन्न

## आई हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के जनस्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग और तंबाकू निषेध केंद्र द्वारा आयोजित 17-दिवसीय अंतरविभागीय तंबाकू विरोधी अभियान का समापन हो गया। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026' के उपलक्ष्य में डब्ल्यूएचओ की इस वर्ष की थीम पर आधारित यह अभियान 20 मई से 5 जून तक चलाया गया, जिसमें संस्थान के सभी दंत चिकित्सा विभागों ने भाग लिया।

अभियान के दौरान मौखिक कैंसर जांच शिविर, तंबाकू निषेध परामर्श, मातृ जागरूकता कार्यक्रम, साइक्लोथॉन, रैली और नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान की मुख्य उपलब्धि संदिग्ध मरीजों के लिए चलाया गया 'निःशुल्क मौखिक बायोप्सी अभियान' रहा। कॉलेज के डीन डॉ. अक्षय भार्गव ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 8,000 से अधिक लोगों को जागरूक व लाभांवित किया गया। समापन समारोह में विभिन्न छात्र प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली।

# रात में बाजारों की सफाई और कूड़ा उठाने की व्यवस्था बनेगी

**नोएडा।** शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण बाजारों में रात को सफाई व कूड़ा उठाने की व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए वर्क सर्कल-1 की तरफ से एजेंसी के चयन का टेंडर जारी कर दिया गया है। प्राधिकरण की तरफ से बताया गया कि चुनी जाने वाली एजेंसी को सेक्टर-1 से 8, नयाबांस, सेक्टर-15, 16, 27 व सेक्टर-18 व अन्य वाणिज्यिक क्षेत्र की जिम्मेदारी दी जाएगी। एजेंसी को रात में सफाई के साथ ही कूड़ा भी उठाना होगा। प्राधिकरण दो साल में 1.35 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान करेगा। एजेंसियों से 22 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। प्राधिकरण की तरफ से 2023 में भी बाजारों में रात को सफाई की व्यवस्था शुरू करवाई थी। कुछ एजेंसियों को काम भी दिया गया था। लेकिन फिर यह व्यवस्था अधिकारियों ने आगे नहीं बढ़ाई थी। अब फिर से प्राधिकरण ने यह व्यवस्था शुरू करने की तैयारी की है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Mayank Goel · Subscribe
2h ·

भारतीय संस्कृति और वेश भूषा सुंदर नहीं है जो क्या
हमारी नई पीढ़ी सनातन संस्कारों में अच्छी नहीं लगती
हमारे यहाँ बच्चों को राम और बिटिया को देवी स्वरूपा मानते हैं इनको काकरोच कहना कहाँ की अक़्लमंदी है जी
चंदन है इस देश की माटी
तपोभूमि हर ग्राम है
हर बाला देवी की प्रतिमा
बच्चा बच्चा राम है
एक और राष्ट्रभक्त दूसरी ओर काकरोच
आप ही बताओ आप किस ओर हैं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने परिवार, संस्कृति और संस्कार का एक बहतरीन संदेश दिया है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में बच्चों और बिटिया के महत्व को बताया। सधे हुए शब्दों में एक गम्भीर संदेश उन्होंने दिया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की ये पास्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सिद्धार्थ विहार का बदलेगा भूगोल

# चमचमाती सड़कें, गंगाजल की सप्लाई और अतिक्रमण पर चलेगा डंडा

➪ विधायक संजीव शर्मा और आवास आयुक्त के बीच डेढ़ घंटे चली विस्तृत चर्चा, 15 जून को होगी प्रगति समीक्षा



### बुनियादी ढांचे में सुधार और सौंदर्यीकरण पर जोर

बैठक में सिद्धार्थ विहार के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। इसके तहत क्षेत्र की सड़कों का पुनर्निर्माण, डिवाइडरों का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, क्षेत्र को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने के लिए बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार क्षेत्र को आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त बनाने की दिशा में आज एक बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। शहर विधायक माननीय संजीव शर्मा ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के आवास आयुक्त बलकार सिंह से मुलाकात की। दोनों उच्चाधिकारियों के बीच सिद्धार्थ विहार के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर लगभग डेढ़ घंटे तक विस्तृत और सकारात्मक चर्चा हुई।

### 15 जून को होगी अगली समीक्षा बैठक, जल्द होगा निरीक्षण

बैठक के दौरान आवास आयुक्त बलकार सिंह ने चर्चा में आए सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को धरातल पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के कड़े निर्देश दिए। कार्यों में गति और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उन्होंने आगामी 15 जून को एक प्रगति समीक्षा बैठक भी निर्धारित की है। इसके साथ ही, आयुक्त महोदय ने स्वयं जल्द ही सिद्धार्थ विहार का जमीनी निरीक्षण करने का आश्वासन दिया। विवादित पुल निर्माण कार्य के संबंध में बैठक में अवगत कराया गया कि सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त होते ही इसका निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।

**भव्य प्रवेश द्वार और 42 एकड़ का विशाल पार्क**

सिद्धार्थ विहार की हरियाली और निवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 42 एकड़ के विशाल पार्क को अत्याधुनिक रूप से विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा, क्षेत्र को एक नई पहचान देने के लिए NH-9 से सिद्धार्थ विहार के प्रवेश द्वार पर एक भव्य एवं आकर्षक गेट का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए गौर सिद्धार्थम सोसाइटी में गंगाजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी गंभीरता से विचार हुआ।

### सिद्धार्थ विहार बनेगा प्रदेश का आदर्श क्षेत्र: संजीव शर्मा

बैठक के बाद अपनी प्राथमिकताएं साझा करते हुए शहर विधायक माननीय संजीव शर्मा ने कहा: सिद्धार्थ विहार को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं प्रदेश का एक आदर्श आवासीय क्षेत्र बनाना हमारा मुख्य संकल्प है। क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़कें, हरित वातावरण, सुंदर पार्क और उत्कृष्ट आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग और अधिकारियों की सकारात्मक सोच से सिद्धार्थ विहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और आने वाले समय में यह गाजियाबाद की प्रमुख पहचान बनेगा। इस संबंध में मीडिया प्रभारी ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सभी संबंधित विभागों के आपसी समन्वय और प्रयासों से सिद्धार्थ विहार बहुत जल्द जनपद का सबसे सुंदर, आधुनिक और विकसित क्षेत्र बनकर उभरेगा।

# पीजी में पैनल बॉक्स में लगी आग, मची अफरातफरी

**नोएडा।** सेक्टर-108 स्थित एक पीजी के पैनल बॉक्स में रविवार रात अचानक आग लग गई। आग लगते ही कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। हालांकि समय रहते वहां मौजूद लोगों की सतर्कता के कारण आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना में कोई चोटिल या हताहत नहीं हुआ है। रविवार रात करीब 9 बजे सेक्टर-108 स्थित पीजी में आग लगने की सूचना मिली।

बताया गया कि बिजली के पैनल से अचानक धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते उसमें आग लग गई। उस समय पीजी के अंदर कई लोग मौजूद थे। इसके बाद पीजी में लगे आग बुझाने वाले उपकरण की मदद से कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग सीमित दायरे में होने के कारण वह अन्य हिस्सों तक नहीं फैल सकी।

बताया जा रहा है कि आग छोटी होने और तत्काल नियंत्रण में आ जाने के कारण इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को नहीं दी गई थी। बाद में इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे का कहना है कि जानकारी मिलने के बाद टीम मौके पर गई थी। तब तक आग बुझ गई थी।

# दक्षिण कोरिया के चुनावों पर उठे कई बड़े सवाल

## मतपत्र खत्म होने से मचा बवाल, संसदीय जांच की मांग तेज

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के स्थानीय चुनावों में कई मतदान केंद्रों पर मतपत्रों की कमी ने बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और विपक्षी पीपुल पावर पार्टी ने संसदीय जांच की मांग की है। चुनावी अव्यवस्था, धांधली के आरोप और पुलिस हस्तक्षेप के बाद चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।



दक्षिण कोरिया में स्थानीय चुनावों के दौरान कई मतदान केंद्रों पर मतपत्रों की कमी का मामला अब बड़ा राजनीतिक विवाद बन गया है। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्य विपक्षी पीपुल पावर पार्टी ने इस पूरे मामले की संसदीय जांच की मांग की है। चुनाव के दौरान मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल उठने लगे हैं। अब दोनों दल इस मामले में अलग-अलग प्रस्ताव लेकर सामने आए हैं, हालांकि जांच के तरीके और दायरे को लेकर उनके बीच मतभेद भी साफ दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय चुनावों के दौरान सियोल के एक दर्जन से ज्यादा मतदान केंद्रों पर मतपत्र खत्म होने की खबर सामने आई। इसके कारण कई जगह मतदान प्रक्रिया बाधित हो गई और मतदाताओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। सियोल के सोंगपा वार्ड में तो हालात इतने बिगड़ गए कि चुनावी धांधली के आरोप लगने लगे और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। बाद में पुलिस सुरक्षा के बीच मतपेटियों को मतगणना केंद्र तक पहुंचाया गया।

मुख्य विपक्षी पीपुल पावर पार्टी ने इस मामले को गंभीर चुनावी विफलता बताते हुए 18 सदस्यीय विशेष समिति बनाने का प्रस्ताव रखा है। पार्टी चाहती है कि 60 दिनों तक पूरी घटना की जांच हो। विपक्ष का कहना है कि यह सिर्फ मतपत्रों की कमी का मामला नहीं, बल्कि मतदाताओं के अधिकारों के उल्लंघन और चुनावी व्यवस्था की बड़ी लापरवाही का उदाहरण है। विपक्ष ने मतदान केंद्रों से मतपेटियां हटाने के दौरान पुलिस कार्रवाई की भी जांच की मांग की है। साथ ही स्वतंत्र अभियोजन जांच के लिए अलग विधेयक लाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

**क्या सत्तारूढ़ पार्टी ने भी माना चुनावी कुप्रबंधन?**

सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने भी माना कि चुनाव प्रबंधन में गंभीर गड़बड़ी हुई है। पार्टी के सांसद चेओन जून-हो ने कहा कि राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग को पहले से मतपत्रों की कमी की आशंका थी, लेकिन समय पर उचित कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि इसी लापरवाही के कारण चुनाव प्रक्रिया पर अनावश्यक संदेह पैदा हुआ। पार्टी का कहना है कि संसदीय जांच के जरिए चुनाव आयोग की संरचनात्मक कमजोरियों और प्रशासनिक कमियों की पहचान की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**क्या जनता का भरोसा बचाना अब सबसे बड़ी चुनौती बन गया है?**

दक्षिण कोरिया में चुनावी प्रक्रिया हमेशा पारदर्शिता और तकनीकी व्यवस्था के लिए जानी जाती रही है। लेकिन इस घटना के बाद जनता के बीच अविश्वास बढ़ा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो इसका असर आने वाले राष्ट्रीय चुनावों पर भी पड़ सकता है। दोनों दल अब जनता को यह भरोसा दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि मतदान अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे और चुनावी व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

# भारत के बाद अब चीन जाएंगे नेपाली विदेश मंत्रीः द्विपक्षीय संबंधों पर होगी चर्चा

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल 15-16 जून को अपने पहले आधिकारिक चीन दौरे पर जा रहे हैं। अपनी इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान वह चीनी विदेश मंत्री वांग यी और कम्युनिस्ट पार्टी के नेता लिउ हैक्सिंग से मुलाकात करेंगे। इससे ठीक पहले वह पांच से सात जून तक भारत की सफल यात्रा संपन्न कर चुके हैं।



नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल जल्द ही चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाने वाले हैं। उनके सचिवालय ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की है। विदेश मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद यह उनका पहला चीन दौरा होगा। सचिवालय से मिली जानकारी के मुताबिक, विदेश मंत्री शिशिर खनाल 15 से 16 जून तक चीन के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

दो दिवसीय दौरे का पूरा कार्यक्रम इस संक्षिप्त लेकिन बेहद महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान वह कई उच्च स्तरीय बैठकें करेंगे। वह चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

इसके अलावा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के प्रमुख लिउ हैक्सिंग से भी उनकी मुलाकात होने की उम्मीद है। अपनी इस यात्रा के दौरान वह चीन में रहने वाले नेपाली प्रवासियों के एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और उनसे बातचीत करेंगे। विदेश मंत्री शिशिर खनाल का यह चीन दौरा उनके भारत दौरे के तुरंत बाद हो रहा है। वह पांच से सात जून तक भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर थे। काठमांडू लौटने के बाद उन्होंने अपनी भारत यात्रा को बेहद 'सफल और फलदायी' बताया था। उन्होंने कहा था कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। भारत दौरे के ठीक बाद चीन जाने के उनके इस फैसले को कूटनीतिक हलकों में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह 16 जून को वापस काठमांडू लौट आएंगे।

**दोनों दौरों के कूटनीतिक मायने और एजेंडा**

विशेषज्ञों के अनुसार, शिशिर खनाल का यह कदम नेपाल की संतुलित विदेश नीति को बता रहा है। वह किसी एक देश की तरफ झुकाव नहीं रखना चाहते हैं। भारत दौरे में उन्होंने द्विपक्षीय बातचीत से सीमा विवाद सुलझाने पर जोर दिया था।

# लाल सागर में बढ़ा तनाव

## हूती लड़ाकों ने इस्राइली जहाजों पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध, मिसाइल हमले का भी दावा

**सना (यमन)।** यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इस्राइली जहाजों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। साथ ही, उन्होंने इस्राइल पर मिसाइल हमला करने का दावा भी किया है। इस्राइली सेना ने यमन से मिसाइल दागे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली खतरे को निष्क्रिय करने में जुटी है।



यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सोमवार को इस्राइल के खिलाफ अपने अभियान को और तेज करते हुए लाल सागर में इस्राइली जहाजों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इसके साथ ही हूतियों ने इस्राइल पर मिसाइल हमला करने का दावा भी किया है, जिससे पश्चिम एशिया में जारी तनाव और बढ़ गया है। हूती लड़ाकों की सैन्य शाखा ने टेलीग्राम पर जारी एक बयान में कहा कि वह लाल सागर में इस्राइल से जुड़े सभी समुद्री जहाजों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। संगठन ने चेतावनी दी कि उसके इस ऐलान के बाद क्षेत्र में इस्राइल से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधि को वैध सैन्य लक्ष्य माना जाएगा।

**विद्रोहियों ने इस्राइल को लेकर क्या दावा किया?**

हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने इस्राइल के संवेदनशील ठिकानों पर मिसाइलों की बौछार की और उनके हमले अपने उद्देश्य हासिल करने में सफल रहे। हालांकि, हमले से हुए नुकसान या हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

**इस्राइली सेना ने क्या जानकारी दी?**

वहीं, इस्राइली सेना ने यमन से मिसाइल दागे जाने की पुष्टि की है। सेना ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर कहा कि उसने इस्राइली क्षेत्र की ओर यमन से मिसाइल लॉन्च होने का पता लगाया है और खतरे को निष्क्रिय करने के लिए वायु रक्षा प्रणालियां सक्रिय कर दी गई हैं।

# पूर्व राजनयिक केपी फैबियन बोले- ट्रंप ने चाहा तो यहीं रुक सकता है पश्चिम एशियाई संघर्ष

**नई दिल्ली।** इस्राइल और ईरान के बीच बढ़े संघर्ष पर पूर्व राजनयिक केपी फैबियन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों पर युद्ध रोकने का दबाव बना सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर दोनों देशों के बीच संघर्ष बढ़ने पर होर्मुज और बाब-अल-मंदेब मार्ग प्रभावित हो सकते हैं।



ईरान-इस्राइल के बीच सीजफायर हुए पूरे दो महीने हुए थे। इस बीच एक बार फिर से दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हो गया है। लेबनान पर हिज्बुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई को मुख्य कारण बताते हुए तेहरान ने हमला बोला। इस पर इस्राइली सेना ने भी तोबड़तोड़ हवाले शुरू कर दिए हैं। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप का बयान भी चर्चा में है। इस बयान में उन्होंने तेल अवीव को जवाबी हमला न करने की सलाह दी। बदले हालात के बीच आगे क्या हो सकता है, ट्रंप का फैसला क्या होगा? आईएएनएस के कुछ ऐसे ही सवालों के जवाब पूर्व राजनयिक केपी फैबियन ने दिए।

**ट्रंप ने चाह तो रुक सकती है जंग:** पूर्व राजनयिक ने ट्रंप के स्टैंड को लेकर कहा, 'ईरान और इस्राइल के बीच हालिया सैन्य कार्रवाई से निश्चित तौर पर तनाव बढ़ा है, लेकिन इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह कहने का अवसर भी मिल सकता है कि दोनों पक्ष जवाबी कार्रवाई कर चुके हैं। अब संघर्ष को यहीं रोक देना चाहिए।'

**इस्राइल की सैन्य ताकत अमेरिका पर निर्भर**

उनके अनुसार, अगर ट्रंप इस पर जोर देते हैं, तो इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को उनकी बात माननी पड़ेगी। उन्होंने तर्क दिया, 'भले ही दुनिया सोचे कि इस्राइली सेना बहुत शक्तिशाली है लेकिन एक सच ये भी है कि इस्राइल की सैन्य ताकत काफी हद तक अमेरिका के हथियारों, तकनीक और कूटनीतिक समर्थन पर निर्भर है।' लेबनान पर हिजबुल्लाह के खिलाफ इस्राइली हमले को पूर्व राजनयिक ने नए संघर्ष का कारण बताया। उन्होंने कहा, 'ईरान लंबे समय से यह कहता रहा है कि युद्धविराम सभी मोर्चों पर लागू होना चाहिए। हिजबुल्लाह और इस्राइल के बीच संघर्ष में भी यही मुद्दा रहा है। हिज्बुल्लाह की स्थिति स्पष्ट है।

### वैश्विक व्यापार पर क्यों पड़ेगा असर?

फैबियन ने यह भी कहा कि ईरान ने ऐसे समय में कदम उठाया है जब ट्रंप एक कठिन सम में हैं। उनके अनुसार, क्षेत्रीय युद्ध का खतरा बना हुआ है। खासकर तब जब हूती ने इस्राइल की ओर रॉकेट दागे हैं। संघर्ष से मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ा है। पूर्व राजनयिक ने चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बढ़ता है। बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य बंद हो जाता है, तो स्वेज नहर तक समुद्री यातायात पर इसका असर पड़ेगा। उनके अनुसार, अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और बाब-अल-मंदेब दोनों मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एक संभावना यह है कि ट्रंप नेतन्याहू से कहें कि दोनों पक्ष जवाबी कार्रवाई कर चुके हैं और अब संघर्ष समाप्त होना चाहिए। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता, तो युद्ध जारी रह सकता है और उसके आर्थिक परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं।

### ईरान में युद्ध के बीच भारतीयों के लिए अलर्ट : भारतीय दूतावास ने जारी की नई एडवाइजरी

**तेहरान।** ईरान और इस्राइल के बीच फिर तेज हुए सैन्य संघर्ष ने पूरे पश्चिम एशिया को तनाव के मुहाने पर ला खड़ा किया है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि भारत सरकार को भी अपने नागरिकों के लिए हाई अलर्ट जारी करना पड़ा। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने साफ शब्दों में कहा है कि भारतीय नागरिक ईरान की यात्रा बिल्कुल न करें और जो लोग अभी वहां मौजूद हैं, वे उपलब्ध साधनों से तुरंत देश छोड़ दें। दूतावास की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब क्षेत्र में मिसाइल हमले, एयरस्ट्राइक और जवाबी कार्रवाई लगातार बढ़ रही है। इस्राइल और ईरान के बीच सोमवार को फिर भारी तनाव देखने को मिला। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए, जिससे युद्धविराम लगभग टूटता नजर आया। पिछले 24 घंटों में कई शहरों में हमले हुए। रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया गया और मिसाइलों की बौछार देखी गई।

# बीजिंग का नरम रुखः 'हम प्रतिद्वंद्वी नहीं सहयोगी साझेदार हैं'

## भारत और चीन रिश्तों पर बोले चीनी अधिकारी

**बीजिंग।** चीन ने भारत को लेकर अपना नरम रुख दिखाया है। बीजिंग ने कहा है कि भारत और चीन को प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी साझेदार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि सीमा पर स्थिति सामान्य और स्थिर है।



एक शीर्ष चीनी अधिकारी ने कहा कि चीन और भारत को इस सही रणनीतिक धारणा पर कायम रहना चाहिए कि वह प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी साझेदार हैं। इसके साथ ही एक दूसरे के विकास के अवसर हैं न कि खतरे।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने को मीडिया ब्रीफिंग में भारत-चीन संबंधों पर प्रतिक्रिया दी। यह बयान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें उन्होंने भारत और चीन के साथ रूस के करीबी संबंधों का जिक्र किया था। पुतिन ने गुरुवार को वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों से बातचीत के दौरान यह बात कही थी। लिन ने कहा कि फिलहाल चीन-भारत सीमा की स्थिति आम तौर पर स्थिर है। दोनों पक्षों के बीच एक संचार चैनल है।

**'दोनों देश सहयोगी साझेदार हैं'**

उन्होंने कहा कि चीन और भारत को इस धारणा पर कायम रहना चाहिए कि दोनों देश सहयोगी साझेदार हैं। ना कि प्रतिस्पर्धी और प्रतिद्वंद्वी, और दोनों देश एक दूसरे के विकास के लिए अवसर हैं। न कि खतरे। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखना और संभालना चाहिए। आपसी विश्वास को बढ़ाना चाहिए और सहयोग का विस्तार करना चाहिए। मतभेदों को उचित रूप से संभालना चाहिए और चीन-भारत संबंधों के सुचारू और स्थिर विकास को बढ़ावा देना चाहिए।'

**तीनों देशों के संबंध में क्या कहा?**

पाकिस्तान के साथ चीन के घनिष्ठ संबंधों को लेकर भारत की चिंताओं पर लिन ने कहा कि बीजिंग भारत और पाकिस्तान दोनों को संवाद और परामर्श के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से सुलझाने और क्षेत्र को शांतिपूर्ण और स्थिर बनाए रखने में समर्थन करता है। भारत, चीन और रूस के संबंधों पर टिप्पणी करते हुए लिन ने कहा कि तीनों देश उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं हैं। अच्छे संबंध बनाए रखना न केवल तीनों देशों के अपने-अपने हितों में है। बल्कि विश्व शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए भी जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि चीन त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए रूस और भारत के साथ संवाद बनाए रखने के लिए तैयार है। पीटीआई सहित प्रमुख वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ अपनी व्यापक बातचीत में पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग दोनों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली और बीजिंग दोनों के साथ रूस की दशकों पुरानी साझेदारी स्वाभाविक रूप से विकसित हुई है। एक दूसरे से पूरी तरह स्वतंत्र है।

**'सभी मुद्दों को सुलझाने की कोशिश में'**

पीटीआई के सीईओ और एडिटर-इन-चीफ विजय जोशी के एक सवाल का जवाब देते हुए पुतिन ने कहा, 'भारत और चीन के बीच संबंध नाजुक और बहुआयामी हैं। इनमें हस्तक्षेप करना ठीक नहीं है। बेशक, हम अपने दोनों मित्रों -भारत और चीन के साथ बातचीत करते हैं।'

# 'इस्राइल और ईरान को तत्काल गोलीबारी रोकनी चाहिए', राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि इस्राइल और ईरान तत्काल युद्धविराम की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और शांति समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम समझौता नहीं होता, नाकाबंदी जारी रहेगी। ट्रंप ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों को तत्काल गोलीबारी रोकनी चाहिए।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस्राइल और ईरान दोनों तुरंत युद्धविराम करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह बात उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कही। ट्रंप ने लिखा, इस्राइल और ईरान दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतिम 'शांति' वार्ता जारी है। हालांकि कुछ अड़चनों या मूर्खता के कारण यह प्रभावित हो सकती है। जब तक अंतिम समझौता नहीं हो जाता, नाकाबंदी पूरी तरह लागू और प्रभावी रहेगी। चीजें तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

**पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव**

पिछले 24 घंटों में पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। क्षेत्र के कई शहरों में सैन्य कार्रवाई, रणनीतिक ठिकानों पर हवाई हमले और बड़ी संख्या में मिसाइलों तथा प्रक्षेपास्त्रों का इस्तेमाल किया गया है।

**संघर्ष का 100वां दिन**

पश्चिम एशिया में तनाव उस समय और बढ़ गया, जब सोमवार को इस्राइल और ईरान के बीच फिर से हमले और जवाबी हमले हुए। दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष का यह 100वां दिन है, जिससे पहले से ही अस्थायी युद्धविराम पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है और पूरे क्षेत्र में बड़ी जंग की आशंका बढ़ गई है।

**लाल सागर में सक्रिय हुए हूती लड़ाके**

इसी बीच, ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इस्राइली जहाजों के आवागमन पर रोक लगाने की घोषणा की है। लाल सागर दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। ताजा सैन्य घटनाक्रमों में ईरान के एक पेट्रोकेमिकल संयंत्र पर हमला भी शामिल है। वहीं, ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया है कि उसने इजराइल के दो सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

# ईरान के बाद इस्राइल में भी भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

## विदेश मंत्रालय की अपील- तत्काल तनाव घटाएं

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच भारत ने इस्राइल और ईरान में मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस्राइल में रह रहे भारतीयों को सतर्क रहने, सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और गैरजरूरी यात्रा से बचने को कहा गया है, जबकि ईरान में मौजूद लोगों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी गई है। विदेश मंत्रालय ने सभी पक्षों से संयम बरतने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील की है।




पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के बीच इस्राइल में भारतीय दूतावास ने सोमवार को वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की। दूतावास ने क्षेत्र की मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीयों से अत्यधिक सतर्क रहने और हर समय सावधानी बरतने की अपील की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उसने भारतीय नागरिकों को इस्राइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमान की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। दूतावास ने कहा, क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इस्राइल में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

दूतावास ने भारतीय नागरिकों से आधिकारिक माध्यमों के जरिए जानकारी लेते रहने को कहा और उन्हें होम फ्रंट कमान की वेबसाइट के जरिये ताजा सुरक्षा निर्देश प्राप्त करने की सलाह दी। इसके साथ ही भारतीय नागरिकों से अपने घरों और कार्यस्थलों के आसपास मौजूद सुरक्षित आश्रय स्थलों की पहचान करने और उनके नजदीक रहने को कहा गया है। एडवाइजरी में कहा गया, सभी भारतीय नागरिक निर्धारित आश्रय स्थलों के करीब रहें और अपने निवास या कार्यस्थल के आसपास मौजूद सुरक्षित स्थानों की जानकारी रखें। दूतावास ने अगली सूचना तक देश के भीतर गैरजरूरी यात्रा से बचने की भी सलाह दी। इसमें कहा गया, भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक इस्राइल के भीतर सभी अनावश्यक यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है।

मिशन ने लोगों से स्थानीय समाचारों, आधिकारिक घोषणाओं और आपातकालीन चेतावनियों पर लगातार नजर बनाए रखने को भी कहा है, ताकि सुरक्षा स्थिति से जुड़े किसी भी नए घटनाक्रम की जानकारी मिलती रहे। आपात स्थिति के लिए दूतावास ने 24 घंटे उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। दूतावास ने कहा कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिक तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

### ईरान में भी भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

इस बीच, तेहरान में भी भारतीय दूतावास ने सोमवार को एडवाइजरी जारी की। दूतावास ने भारतीय नागरिकों से ईरान की यात्रा पूरी तरह टालने को कहा है और जो भारतीय वर्तमान में ईरान में मौजूद हैं, उन्हें उपलब्ध साधनों से जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी गई है। यह आपातकालीन एडवाइजरी ऐसे समय जारी की गई है, जब पिछले 24 घंटों में क्षेत्र में सैन्य तनाव काफी बढ़ गया है। कई शहरों में सैन्य कार्रवाई, रणनीतिक ठिकानों पर हवाई हमले और भारी संख्या में मिसाइल तथा प्रक्षेपास्त्र दागे जाने की घटनाएं सामने आई हैं। दूतावास ने कहा, क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम को देखते हुए दूतावास अपनी पहले जारी की गई एडवाइजरी को दोहराता है कि सभी भारतीय नागरिक ईरान की यात्रा से बचें। जो भारतीय वर्तमान में ईरान में हैं, उन्हें उपलब्ध परिवहन साधनों के जरिये देश छोड़ने की सलाह दी जाती है।

# होर्मुज के पास जहाज पर हमलाः 24 भारतीय नाविक सवार, सहायता के लिए नेवी को भेजा आपात संदेश

**तेहरान।** ओमान तट पर एक जहाज पर कथित हमले के बाद 24 भारतीय नाविकों ने तुरंत मदद की गुहार लगाई है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब ईरान और इस्राइल के बीच एक बार फिर सैन्य टकराव तेज हो गया है, जिससे क्षेत्र में स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है।



इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद एक बार फिर से होर्मुज में तनाव बढ़ गया है। इसी बीच सोमवार को ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट एक जहाज पर कथित हमले की जानकारी सामने आई है। जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों ने संकट की स्थिति में तत्काल मदद की गुहार लगाई है।

'फॉरवर्ड सीमैन्स यूनियन ऑफ इंडिया' ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि जहाज पर मौजूद भारतीय नाविकों ने अपनी लोकेशन (कोऑर्डिनेट्स) भेजकर आपात सहायता मांगी है। यूनियन के अनुसार, जहाज ओमान के तट से 15 नॉटिकल मील दूर मौजूद है। यूनियन ने दावा किया है कि जहाज पर कथित हमला हुआ है। ओमान तट के करीब हुए इस हमले में जहाज के इंजन रूम को नुकसान हुआ है। हालांकि इस हमले की अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ पाई है। सरकार की ओर से भी इस हमले की अभी तक पुष्टि नहीं की गई थी। जहाज पर किस तरह का हमला हुआ, फिलहाल हालत कैसी है और कोई घायल है या नहीं इस तरह की कोई सूचना नही है। भारतीय अधिकारियों की ओर से भी अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**सीजफायर के दो महीने बाद शुरू हुई जंग:** लेबनान में हिज्बुल्लाह पर इस्राइली हमलों के जवाब में ईरान ने रविवार रात इजरायल के कई इलाकों पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए। जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने ईरान के खुजेस्तान प्रांत के माहशहर स्थित कारून पेट्रोकेमिकल कंपनी पर हमला किया, जिससे संयंत्र का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

ईरान ने इस्राइल के नेवातिम और तेल नोफ एयर बेस को निशाना बनाने का दावा किया, जबकि इस्राइल ने पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले किए।बढ़ते तनाव के बीच इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सुरक्षा कैबिनेट की अहम बैठक बुलाई है, जिसमें आगे की सैन्य रणनीति और जवाबी कदमों पर चर्चा होने की संभावना है।

### 'स्वाभिमानी देश मिसाइल हमले नहीं सहेगा', ईरान पर कार्रवाई को लेकर इस्राइली राजदूत की दो टूक

वाशिंगटन। पश्चिम एशिया में युद्धविराम की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका में इस्राइल के राजदूत येचिएल लीटर ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियानों का खुलकर बचाव करते हुए कहा कि कोई भी स्वाभिमानी देश अपने नागरिकों पर बार-बार होने वाले मिसाइल हमलों को बर्दाश्त नहीं कर सकता।


## सूचना

मैं अमित सिंघल पुत्र श्री सतीश कुमार सिंघल निवासी 132 /1 गली नंबर 1, सुभाष नगर, मेरठ सिटी जिला मेरठ, अमित कुमार और अमित सिंघल मेरे ही नाम है तथा अंग्रेजी में भी नाम AMIT KUMAR AND AMIT SINGHAL भविष्य में मुझे सभी कार्य हेतु दोनों नाम से जाना पहचाना जाए।

## Lost and Found

I, Himanshu Sharma s/o Pawan Kumar Sharma R/o Gf 20 Vardan Apartment Abhay Khand 3 Indirapuram Shipra Sun City have Lost my uttar pradesh awas vikash parishad vasundhara Ghaziabad allotment letter in the name of manoj kumar having challan no 23893 date 11.3.2016 of my Property flat no 07/b-26/202 first floor sec 7. Finder Contact above address.

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम | 08 | मंगलवार • 09 जून -2026






# यशोदा हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बचाया सड़क हादसे में घायल युवक का जीवन

## सीने में गहरे घाव के कारण दिखने लगे थे दिल और फेफड़े, आधुनिक 'की-होल' सर्जरी से मिली नई जिंदगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अपनी तरह के पहले मामले में, यशोदा हॉस्पिटल, नेहरू नगर की जनरल सर्जरी टीम ने अन्य विशेषज्ञ विभागों के सहयोग से मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुई एक गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल 31 वर्षीय युवक की सफलतापूर्वक जान बचाई। यह दुर्घटना मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुई थी, जिसमें युवक को बेहद गंभीर चोटें आई थीं। उसके सीने में बड़ा खुला घाव हो गया था, जिससे बायां फेफड़ा और हृदय तक दिखाई दे रहे थे। इसके अलावा कई पसलियां टूट गई थीं और उसकी सांसें भी बहुत धीमी हो गई थीं। यदि समय पर उचित उपचार नहीं मिलता तो स्थिति जानलेवा साबित हो सकती थी।

सड़क दुर्घटना के इस मरीज को 24 मई 2026 को सुबह लगभग 7 बजे यशोदा हॉस्पिटल, नेहरू नगर, गाजियाबाद लाया गया, जहां उसे तुरंत इमरजेंसी विभाग में भर्ती किया गया। जांच में पाया गया कि मरीज के सीने में गहरा खुला घाव था जो छाती की गुहा तक पहुंच गया था। बाईं ओर कई पसलियां टूट गई थीं, कॉलर बोन और छाती की हड्डी को जोड़ने वाला जोड़ (स्टर्नाक्लेविकुलर जॉइंट) अपनी जगह से खिसक गया था, छाती में खून भर गया था (हीमोथोरैक्स) तथा बाएं फेफड़े का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह सिकुड़ गया था। अत्यधिक रक्तस्राव और गंभीर चोटों के कारण मरीज शॉक की स्थिति में भी था। मरीज को सबसे पहले आपातकालीन ट्रॉमा उपचार देकर स्थिर किया गया। इसके अंतर्गत घाव की पैकिंग कर रक्तस्राव नियंत्रित किया गया, रक्त चढ़ाया गया तथा छाती से खून और हवा निकालने के लिए चेस्ट ड्रेन डाली गई। चोटों की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न विशेषज्ञताओं के डॉक्टरों की एक टीम गठित की गई। सर्जरी का नेतृत्व डॉ. प्रसन्ना रमना अरुमुगास्वामी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं मिनिमल एक्सेस सर्जन ने किया। उनके साथ डॉ. अजय पंवार (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा एवं रोबोटिक नी एवं हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी), डॉ. प्रोफ. (कर्नल) मोहम्मद आलम परवाज (डायरेक्टर, प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव एवं कॉस्मेटिक सर्जरी) तथा डॉ. बृजेश प्रजापत (एचओडी, पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन) शामिल रहे।

इसके अलावा डॉ. दिलीप कुमार के नेतृत्व में इमरजेंसी टीम, डॉ. कमलदीप यादव एवं डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) प्रवीण कुमार की आईसीयू टीम, डॉ. मुकेश कुमार गर्ग के नेतृत्व वाली एनेस्थीसिया टीम तथा रेडियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. पंकज अग्रवाल ने भी मरीज के सफल उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जटिल सर्जरी में वीडियो-असिस्टेड थोरेकोस्कोपिक सर्जरी तकनीक का उपयोग किया गया। इसके माध्यम से छाती में जमा खून निकाला गया, खुले घाव की सफाई एवं मरम्मत की गई, खिसके हुए स्टर्नोक्लेविकुलर जॉइंट को सही स्थिति में लाया गया, टूटी हुई पसलियों को स्थिर किया गया, चेस्ट ट्यूब डाली गई तथा घाव का पुनर्निर्माण कर उसे बंद किया गया। सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया और उसकी लगातार निगरानी की गई। नियमित चेस्ट एक्स-रे में फेफड़े के धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आने की पुष्टि हुई, जिसके बाद मरीज को सफलतापूर्वक वेंटिलेटर से हटाया गया। इसके बाद उसकी स्थिति लगातार बेहतर होती गई।

इस गंभीर मामले में विशेष उल्लेख श्अळर तकनीक का है, जो एक आधुनिक एवं कम चीरा लगाने वाली सर्जिकल तकनीक है। इसकी मदद से डॉक्टरों ने बिना बड़ी ओपन चेस्ट सर्जरी किए अधिक सटीकता के साथ चोटों का उपचार किया, जिससे मरीज के स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण मदद मिली। विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों और लंबे उपचार के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर स्थिर स्थिति में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मामले पर टिप्पणी करते हुए डॉ. प्रसन्ना आर. अरुमुगास्वामी ने कहा, यह हमारे द्वारा संभाले गए सबसे चुनौतीपूर्ण ट्रॉमा मामलों में से एक था। मरीज को गंभीर छाती की चोटें, फेफड़े का सिकुड़ना, कई पसलियों का फ्रैक्चर और ऐसा खुला घाव था जिससे महत्वपूर्ण अंग दिखाई दे रहे थे। समय पर उपचार, विभिन्न विशेषज्ञों के समन्वित प्रयास और उन्नत सर्जिकल तकनीकों की मदद से हम उसकी जान बचाने में सफल रहे।

वीएटीएस जैसी तकनीक जटिल छाती संबंधी सर्जरी में बेहतर परिणाम देने में मदद करती है और ओपन थोरेकोटॉमी से होने वाली जटिलताओं को कम करती है। यशोदा हॉस्पिटल, नेहरू नगर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. (मेजर) सचिन दुबे ने कहा, यह मामला दर्शाता है कि किसी भी गंभीर ट्रॉमा मरीज के लिए एक मजबूत और समग्र ट्रॉमा सिस्टम कितना महत्वपूर्ण होता है, जहां इमरजेंसी मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, सर्जरी और अन्य विशेषज्ञ विभाग मिलकर समय पर जीवनरक्षक उपचार प्रदान करते हैं। इस जटिल ट्रॉमा मामले का सफल उपचार एक बार फिर यशोदा हॉस्पिटल की गंभीर आपातकालीन स्थितियों के प्रबंधन और एक ही छत के नीचे बहु-विषयक एवं समग्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की उन्नत क्षमताओं को दर्शाता है।

# महापौर सुनीता दयाल ने किया यात्री शेड का शिलान्यास

## पार्षद डॉ. अनिल तोमर बोले- जनसुविधाओं का विस्तार जारी रहेगा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 स्थित साया जेनिथ सोसाइटी के बाहर लंबे समय से लंबित यात्री शेड का शिलान्यास महापौर सुनीता दयाल व पार्षद डॉ अनिल तोमर ने किया। सोसाइटी निवासियों की यह वर्षों पुरानी मांग थी। तत्कालीन आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मनोज राव के कार्यकाल से ही यात्री शेड के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। बारिश और धूप में बस का इंतजार कर रहे लोगों को काफी दिक्कत होती थी। शिलान्यास के बाद अब जल्द निर्माण शुरू होगा। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नम्रता जैन व उनकी पूरी टीम मौजूद रही। बड़ी संख्या में सोसाइटी के निवासी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि डॉ. लीना तोमर, प्रदीप गुप्ता, सी.पी. सिंह, सुलभ सिंघल, विपिन यादव, प्रदीप सोलंकी, पिंटू तोमर, विकास राजपूत, अर्जनिया अंकल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि वार्ड 98 के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों की हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। उन्होंने महापौर और सभी निवासियों का आभार जताया। स्थानीय लोगों ने यात्री शेड के शिलान्यास पर खुशी जताई और पार्षद व महापौर का धन्यवाद किया।

# जामा मस्जिद की 14 अवैध दुकानों को प्रशासन ने किया ध्वस्त, भारी पुलिस बल तैनात





**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गांव बेगमाबाद में जामा मस्जिद के पास बनी 14 अवैध दुकानों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण अभियान चलाया।


परगना न्यायालय मोदीनगर में दुकानों के विरूद्व पीपी एक्ट की कार्रवाई संचालित थी। जिसके क्रम में न्यायालय द्वारा दुकानों को अवैध घोषित किया तथा उक्त संपत्ति पर नगर पालिका परिषद् मोदीनगर का स्वामित्व बताते हुये दुकानों को खाली कराने व संबंधित पक्षों पर 2.22 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया। शनिवार सांय एसडीएम, राजस्व विभाग, पालिका की टीम और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को दुकानें स्वयं खाली किये जाने को दो दिन का नोटिस चस्पा कर अंतिम अवसर दिया था।

जामा मस्जिद के पास बनी 14 अवैध दुकानों के अंतिम अवसर का समय समाप्त होने पर एसडीएम अजीत कुमार सिंह, राजस्व विभाग टीम, पालिका टीम व भारी पुलिस बल पंहुचा तो वंहा पहले से ही दुकानदारों ने खुद ही दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया, जबकि बाद में प्रशासनिक टीम ने बुलडोजर चलाकर शेष निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल और पीएसी की तैनाती की गई थी।

### 30 मई को आया था कोर्ट का फैसला

**करंट क्राइम।** जामा मस्जिद के पास स्थित भूमि को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा था। यह विवाद पहले मस्जिद कमेटी व ग्राम पंचायत के बीच था, जो बाद में नगर पालिका परिषद व मस्जिद कमेटी के बीच पहुंच गया। मामला परगना मजिस्ट्रेट न्यायालय में विचाराधीन था। 30 मई को एसडीएम न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए भूमि को नगर पालिका परिषद की संपत्ति माना और वहां बनी 14 दुकानों को अवैध घोषित कर दिया। कोर्ट ने दुकानों को खाली करने के साथ ही संबंधित पक्षों पर 2.22 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने दुकानदारों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा के भीतर दुकानें खाली करने के निर्देश दिए थे। शनिवार सांय को एसडीएम अजीत कुमार सिंह, राजस्व विभाग की टीम और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अंतिम चेतावनी दी थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया था, कि यदि समय सीमा के भीतर दुकानें नहीं हटाई गईं तो बुलडोजर से ध्वस्तीकरण किया जाएगा। रविवार सुबह कार्रवाई शुरू होने से पहले कई दुकानदारों ने अपना सामान निकालकर दुकानों को स्वयं तोड़ना शुरू कर दिया। इसके बाद प्रशासनिक टीम ने बुलडोजर की मदद से शेष निर्माण को ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, एसडीएम, एसीपी समेत पांच थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी के जवान मौके पर मौजूद रहे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम





**करंट क्राइम।** संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने इलाके में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। जामा मस्जिद और आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन के अनुसार करीब एक किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा घेरा बनाकर स्थिति पर नजर रखी गई, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। एसडीएम अजीत सिंह ने बताया कि दो दिन पहले ही नोटिस चस्पा कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन कराया गया है। यदि दुकानदार स्वयं निर्माण नहीं हटाते तो पूरी कार्रवाई बुलडोजर के माध्यम से की जाती।

# चिराग त्यागी हत्याकाण्ड: एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में उठी एनकाउंटर की मांग



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** इंटरनेशनल भारतीय एथलीट खिलाड़ी चिराग त्यागी हत्याकाण्ड की जांच सीबीआई से करायें जाने व विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान मांगों से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा गया।

ग्राम सैतली निवासी इंटरनेशनल भारतीय एथलीट खिलाड़ी चिराग त्यागी की गोली मारकर निर्मम हत्या के मामले में कस्बा निवाड़ी में आयोजक भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में आयोजित हुये एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में गांव पतला, पैंगा, खिदोड़ा, महमदपुर, बांदीपुर, रावली, सुहाना, भनेड़ा, सैंतली, मोरटा, सिहानी, मुरादनगर व कनौजा आदि गांवो के लोगो ने हिस्सा लिया। धरने में 14 जून को सैतली में महापंचायत की घोषणा की गई और अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सैतली गांव में पहुंचकर चिराग त्यागी को न्याय दिलाने का काम करें। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा गया। जिसमें सरकार से मांग की गई कि इस घटना की सीबीआई जांच हो, पीड़ित परिवार को राजनगर एक्सटेंशन में एक दुकान, परिवार को एक करोड़ की मुआवजा राशि प्रदान की जायें, साथ ही हत्यारोपियों का एनकाउंटर किया जायें, पीड़ित परिवार को पेट्रोल पंप दिया जाए व मृतक चिराग त्यागी के नाम पर एक सड़क का निर्माण किया जाए। इस दौरान अध्यक्षता हरिओम त्यागी, चैयरमेन अनिल त्यागी, कोऑपरेटिव के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, विनीत त्यागी मोरटा, दीपक त्यागी, आकाश त्यागी, हैप्पी त्यागी, रोहित चैधरी, पप्पू त्यागी, दुष्यंत त्यागी, राजीव चैहान, बाबा अनिल त्यागी संदीप कुमार, सभासद मोंटी त्यागी, सभासद विक्की त्यागी, सभासद जगदीश कुमार, कुलदीप त्यागी, आशीष गर्ग, कपिल बॉस आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा पार्षद रवि भाटी को जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन क्षेत्र के वार्ड-37 से भाजपा पार्षद रवि भाटी को लगातार जान से मारने की धमकियां मिलने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमकियां हैदराबाद से दी जा रही हैं। जिसका नाम महबूब शुरूआती जांच मे महबूब बताया गया है मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पार्षद रवि भाटी ने बताया कि उन्हें पिछले कुछ समय से लगातार धमकी भरे संदेश और कॉल प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में एक मस्जिद से लाउडस्पीकर हटवाने तथा विक्रम एन्क्लेव स्थित एक मदरसे पर प्रशासनिक कार्रवाई के बाद कुछ असामाजिक तत्व उनके विरोध में सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में उन्हें लगातार धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। इससे पूर्व भी धमकी देने के मामले में पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें तीन नाबालिग तथा दो अन्य आरोपी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजा गया था। इसके बावजूद धमकी मिलने की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा धमकी देने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के लोगों ने भी पार्षद की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव बरामद



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** संदग्धि परिस्थातियों में एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

भोजपुर निवासी अनस का शव निवाड़ी रोड़ स्थित शराब के ठेके के पीछे से पुलिस ने बरामद किया है।

पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना के बाद शव को पोस्टमार्डम के लिये भेज दिया है। एसपीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और उनसे भी आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रीम कार्रवाही की जायेंगी।

# भाई ही भाई का बना दुश्मन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक चचेरे भाई ने अपने भाई पर चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल को मेरठ के एक नीजी अस्पताल में भीर्ती कराया गया है। जंहा उसकी हालत चिंताजनक बनी है। निवाड़ी रोड़ स्थित जगतपुरी बस्ती निवासी सोनू पुत्र सुरेंद्र (21) को उसके ही चचेरे भाई ने किसी बात को लेकर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे मेरठ के एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जंहा उसकी हालत नाजुक बनी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## भू-माफियाओं पर पुलिस का बड़ा प्रहार

# 5903 करोड़ रुपये से अधिक की प्राधिकरण भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त



**नोएडा (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने वर्ष 2025-26 के दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एवं अधिग्रहित भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के तहत कुल 13,25,960 वर्ग गज भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 5,903.95 करोड़ रुपये बताई गई है।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में सरकारी एवं प्राधिकरण की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार सख्त और सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 और 2026 में पुलिस बल की सक्रिय सहायता से नोएडा, सेंट्रल नोएडा और ग्रेटर नोएडा जोन में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। आंकड़ों के अनुसार नोएडा जोन में 15,000 वर्ग गज भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 58 करोड़ रुपये है। सेंट्रल नोएडा जोन में 8,89,127 वर्ग गज भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 5,009 करोड़ 68 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस कमिश्नरेट के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य सरकारी एवं प्राधिकरण की भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराना, सुनियोजित शहरी विकास को गति देना, भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना तथा कानून के शासन और जनविश्वास को मजबूत करना है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मास्टर जी क्या बने प्रभारी? ऐसा लग रहा है कि जैसे उनके ग्रह हो गये हैं भारी? सुना है उनके पास और भी बहुत काम हैं? इसलिए वो नहीं संभाल पा रहे ठीक से ये वाली जिम्मेदारी? उनकी इस निष्क्रियता ने चलवा दी उन्हीं पर आरी? सुना है संगठन के सरताज हुए थे उनसे बहुत ज्यादा नाराज? कराया था उनको जिम्मेदारियों का एहसास? देखना अब ये है आगे क्या रहना है मास्टर जी का अंदाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुधरा जी वाले एरिया से बाहर आई है एक बात? यहां के भगवा कमिश्नर एक पूर्व एक्सपेंडर को हर बार मंच पर बैठाते हैं अपने साथ? सुना है उनका ये प्यार नहीं होता है यहां के बाकी चेहरों को बर्दाश्त? वो बोलते हैं कि वो पूर्व वालों को आखिर क्यों देते हैं इतना भाव? कहने वाले ने कहा बस आप समझ लो इसे बिरादरी के प्रति बिरादरी का झुकाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मिस्टर भाटी है एक वार्ड के नरेश? सुना है उनको प्रबुद्ध सम्मेलन कराने का मिला है केस? अब देखना ये है कि वो इस सम्मेलन को कितनी सफलता से देते हैं अंजाम? पता चला है उन्होंने संगठन के चेहरे को फोन करके पूछा था कि आपकी ओर से कितना होगा भीड़ का इंतजाम? इस बात पर संगठन वाले ने मार दिया भाटी जी को ताना? बोले संगठन वाले जो करना है वो कर लेंगे? आप इस बात की चिंता करो कि कार्यक्रम में भीड़ का इंतजाम आपको अपनी ओर से है कराना? सुना है कुछ देर खामोश हो गये भाटी जी सुनकर ये तराना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने फेसबुक पर किये किंग सिटी के पूर्व भगवा कमिश्नर शर्मा जी की वीडियो के दीदार? हमने देखा इस वीडियो में अधिकतर वो ही चेहरे नजर आ रहे थे जो समय-समय पर करते रहते हैं भगवा टॉमक्रूज पर वार? मीटिंग में चली सभी की जबरदस्त सीटिंग? देखकर लगा जैसे शुरू हो गई हो 2027 में कोई परिवर्तन कराने की तैयारी? अगर भगवा टॉमक्रूज इन बैठकों को यूं ही हल्के में लेते रहे? तो 2027 को पकड़ना हो जायेगा इस बार भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा महानमंत्री में से मिस्टर चौहान अपना पूरा फर्ज निभा रहे हैं? जब भी फेसबुक पर कोई कमेंट भगवा योद्धा के खिलाफ डलता है? उस कमेंट के खिलाफ मिस्टर चौहान हमेशा खड़े नजर आ रहे हैं? वो विरोध में कमेंट करने वाले को तुरंत परोस देते हैं ज्ञान? कहने वाले अब कह रहे हैं कि जब हम चौहान जी को लेकर कुछ नहीं लिख रहे? तो फिर वा क्यो अडाते हैं बार-बार अपनी टांग? वो अगर आगे भी इस तरह प्रतिरक्षा में आयेंगे? तो फिर हम उनके खिलाफ भी लिखने पर खुद को नहीं रोक पायेंगे? वो अपनी राजनीति पर दे ध्यान? यूं बीच में उनका आना अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा त्यागी जी के वार्ड में विकास की आ गई है बहार? जिसने यहां के कई विरोधियों के दिलों को कर दिया है जार-जार? साढ़े तीन करोड की एक सड़क, डेढ करोड़ की दूसरी सड़क, अस्सी लाख की अंदर की सड़क और भवन के सामने वो करा रहे हैं टाईल का काम? कहने वाले ने कहा वो इतनी कृपा कहां से करा रहे हैं? इसने कर दिया है कई चेहरों को हैरान? कहने वाले ने कहा कुछ खुली तो कुछ है इस मामले में गुम चोट? पता चला है दूसरे एरिया के विधायक का भी मिल रहा है इनको पूरा सपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भवगा झा का जब आया था कार्यकारिणी के सदस्य वाले मामले में नंबर? तब उन्होंने पहलवान की पोस्ट पर ओपनली लिखी थी इस पद को मिलने के बाद ये बात? वो बोले थे ये भगवा झा कौन हैं मैं जानता नहीं हूं भाई साहब? कहने वाले ने कहा हमको उस वक्त बहुत भाया था उनका एंग्री यंग मैन वाला अंदाज? मगर हमें उस वक्त हैरानी हुई? जब हमने उनको महानगर की कार्यशाला में देखा साहब? कर दिया उन्होंने एक ही झटके में सरेंडर? हैरान हो गये थे सब चेहरे? जब वो कार्यशाला में हुए थे ऐंटर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उठा दो धुंआ और तोड़ दो सारे कोकस? फिर आपको पता चलेगा कि योद्धा जी का रहता है खेड़ा जी और कश्यप जी पर फोकस? पीछे जो हुई थी प्रभारी मंत्री के आगमन को लेकर बैठक? उसमें इन दोनों मंडल प्रभारियों को विशेष रूप से दिया गया था मंच पर स्थान? इन दोनों की सिटिंग देखकर बाकी प्रभारी भी हुए थे हैरान? वो बोल रहे थे इन दोनों से इतनी मोहब्बत और हमसे क्यों इतनी दूरी दिखा रहे हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फेसबुक पर गजब का नजारा दिखा साहब? जब शर्मा एंड कंपनी की खबर आपने पोस्ट की तो उस पर लाईन पार के दिलजले शर्मा आ गये साहब? उन्होंने शर्मा एंड कंपनी के आका पर कस दिया ताना? बोले जब आप सीट पर थे तब मैम्बरों की घोषणा में खूब चला था लेन-देन का ताना-बाना? सुना है इस कमेंट पर तुरंत लिया शर्मा एंड कंपनी के आका ने अवतार? वो बोले तुमने तो अपनी कमेटी के पैसे तक नहीं भरे? तुम क्यों दिखा रहे हो यहां पर अपना किरदार? कहने वाले ने कहा इस तकरार का लुत्फ लेने वालों ने फिर खूब लिया यार?


▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मास्टर तक पहुंचा देना हमारी बात? उनको दिलाना कुछ पुरानी बातें याद? वो जब नहीं बने थे जब महानमंत्री? तब सुनाई दे रहा था कुछ और ही उनके शब्दों का तराना? कह रहे थे कि अब इसके अलावा नहीं है हमें कुछ और चाहना? फिर क्यों संभाल ली उन्होंने प्रभारी वाली जिम्मेदारी? अगर वो आपको कहीं मिले तो एक बार उनसे पूछकर जरूर हमें बताना?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# आईसीसी ने किया कमेंट्री पैनल का एलान
## मिताली-अंजुम समेत कई पूर्व दिग्गज शामिल



**दुबई।** महिला टी20 विश्व कप की शुरूआत होने में अब चंद दिन शेष रह गए हैं। इससे पहले आईसीसी ने कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है। इसमें भारत के पूर्व कप्तान मिताली राज और अंजुम चोपड़ा को भी जगह मिली है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी कमेंट्री और ब्रॉडकास्ट टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में दुनिया भर के कई पूर्व कप्तान, विश्व कप विजेता खिलाड़ी और अनुभवी कमेंटेटर शामिल हैं जो टूनामेंट के दौरान दर्शकों को बेहतरीन विश्लेषण और रोमांचक अनुभव देंगे। आईसीसी द्वारा घोषित कमेंट्री पैनल में भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज, इंग्लैंड की तेज गेंदबाज ताश फरांट, पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंजुम चोपड़ा, न्यूजीलैंड की केटी मार्टिन, पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर, आयरलैंड की इसोबेल जॉयस, भारत की वेदा कृष्णमूर्ति और पूर्व क्रिकेटर साइमन डुल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

इस टीम में कई ऐसे सदस्य भी हैं, जो अपने-अपने देशों के लिए विश्व कप जीत चुके हैं। मेल जोन्स और जूलिया प्राइस ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रह चुकी हैं। इंग्लैंड की पूर्व खिलाड़ियों ईशा गुहा और एबोनी रेनफोर्ड-ब्रेंट ने भी अपने देश को विश्व कप और टी20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

**दिनेश कार्तिक भी पैनल में शामिल**

पुरुष क्रिकेट के कुछ बड़े नाम भी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। इनमें ऑस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता मैथ्यू हेडन, भारत के दिनेश कार्तिक और वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कार्लोस ब्रैथवेट शामिल हैं।

**12 जून से होगी शुरूआत**

आईसीसी ने प्रस्तोता और ब्रॉडकास्ट टीम में चार्ल्स डेगनॉल, नैटली जर्मनोस, एलन विल्किंस, लॉरा मैकगोल्ड्रिक, जतिन सप्रू, कैस नायडू, रौनक कपूर और अली मिशेल को भी शामिल किया है। ये सभी टूनामेंट के दौरान दर्शकों तक खिलाड़ियों की कहानियां, मैचों का विश्लेषण और मैदान से जुड़ी खास जानकारियां पहुंचाएंगे।

# इस बार का फीफा विश्व कप क्यों होगा बेहद खास
## सेंसर वाली गेंद से रोबो डॉग तक दिखेंगी 5 तकनीक

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप की शुरूआत होने में चंद दिनों का समय शेष रह गया है। इस बार का विश्व कप कई मायनों में विशेष है और नई तकनीक के इस्तेमाल से ये और भी रोमांचक बनेगा।

फुटबॉल का सबसे बड़ा शो यानी फीफा विश्व कप शुरू होने में अब महज तीन दिन रह गए हैं। इस बार यह फुटबॉल महाकुंभ कई मायनों में पिछले 96 साल के सभी फुटबॉल आयोजनों को पछाड़ने जा रहा है। 39 दिन तक चलने वाला विश्व कप पहली बार तीन देशों की मेजबानी में हो रहा है। पहली ही बार इसमें 48 टीमें भाग लेंगी। इसके अलावा भी खासतौर पर तकनीक के मामले में यह बेहद खास साबित होने जा रहा है। ऐसे ही पांच तकनीकी उपयोग के बारे में हम आपको बता रहे हैं।

**रोबो डॉग निपटेंगे दंगाइयों से**

स्टेडियम में सुरक्षा के लिए मैक्सिको पुलिस खास रोबो डॉग लाई है। इन्हें ग्वाडालूप नगर परिषद ने 145,000 डॉलर में खरीदा है, जो स्टेडियम में दंगा आदि होने पर वहां जाकर सुरक्षा बलों को लाइव वीडियो फीड देंगे ताकि वे कार्रवाई तय कर सकें।




**पल-पल की खबर देगी मैच बॉल:** इस बार विश्वकप की आधिकारिक मैच बॉल का नाम 'ट्रायोंडा' है। इस फुटबॉल में इनर्शियल मेजरमेंट यूनिट सेंसर लगा है, जो प्रति सेकेंड 500 बार डेटा वीडियो असिस्टेंट रेफरी को भेजेगा। यह गेंद की 3डी गतिविधि रिकॉर्ड करता है। इससे ऑफसाइड आदि में सटीक निर्णय लेना संभव होगा।

### एडवांस ऑफसाइड तकनीक

इस विश्व कप में लाइनमैन नहीं बल्कि एडवांस सेमी ऑटोमेटेड तकनीक गेंद के ऑफसाइड होने का निर्णय लेगी। यह पुरानी तकनीक की जगह लेगी, जो 10 सेंटीमीटर तक सटीक फैसला लेगी और वीएआर के बजाय सीधे रेफरी के ईयरपीस पर रियल टाइम में ऑडियो अलर्ट भेजेगी।

### एआई वाला 3डी प्लेयर अवतार

फीफा ने एआई बेस्ड 3डी प्लेयर 'अवतार' लॉन्च किया है। यह हर खिलाड़ी के शरीर के डिजिटल स्कैन का 3डी मॉडल बनाएगा। इसका उपयोग खिलाड़ियों के बाधा डालने या ऑफसाइड जाने पर उन्हें ट्रैक करने के लिए होगा।

### रेफरी के बॉडी कैमरे

विश्व कप के सभी 104 मैचों में रेफरी कई प्रमुख लीग की तरह बॉडी कैमरों का भी उपयोग करेंगे। इससे प्रशंसकों को मैदान पर खेल का ऐसा दृश्य देखने को मिलेगा मानो वे खुद वहीं मौजूद हैं।

# आयरलैंड-इंग्लैंड के खिलाफ तेज गेंदबाजी में कई दावेदार, क्या प्रिंस को मिलेगी प्लेइंग-11 में जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है जिसके लिए टीम घोषित की जा चुकी है। भारत ने इस सीरीज के लिए चार तेज गेंदबाजों को मौका दिया है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रिंस यादव को प्लेइंग-11 में जगह मिलती है या नहीं।

आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई भारतीय टीम में कुल चार तेज गेंदबाजों को जगह दी गई है, जिसमें उभरते हुए गेंदबाज प्रिंस यादव का भी नाम शामिल है। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे टीम में मौका मिलने के बाद प्रिंस टी20 के लिए भी चयनकताओं का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रिंस इस पूरे दौरे पर प्लेइंग इलेवन में जगह बना पाएंगे और अगर टीम मैनेजमेंट उनको खिलाने का फैसला लेता है, तो कौन बाहर बैठ सकता है?

आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स की ओर से खेलते हुए प्रिंस ने 14 मुकाबलों में 16 विकेट निकाले थे। प्रिंस ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर तब खींचा था, जब उन्होंने बेहतरीन गेंद पर विराट कोहली को क्लीन बोल्ड कर दिया था। टी20 से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ प्रिंस को वनडे में आजमाया जा सकता है और 50 ओवर के फॉर्मेट के प्रदर्शन से ही शायद यह तय हो कि उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड में अंतिम एकादश में मौका मिलेगा या नहीं।

**बुमराह को मिला है आराम**

जसप्रीत बुमराह को आयरलैंड-इंग्लैंड सीरीज के लिए आराम दिया गया है। ऐसे में तेज गेंदबाज की अगुआई मोहम्मद सिराज करते हुए नजर आएंगे। अब सिराज का साथ देने के लिए पहले से ही अर्शदीप सिंह मौजूद हैं। वहीं, हर्षित राणा भी पूरी तरह से फिट होकर टीम में लौट आए हैं। हर्षित पर भारतीय टीम मैनेजमेंट ने पीछे भी काफी भरोसा दिखाया है। हर्षित के साथ अच्छी बात यह है कि वह गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी अहम योगदान दे सकते हैं। ऐसे में प्रिंस की प्लेइंग इलेवन में जगह बनती हुई दिखाई नहीं दे रही है।



**क्यों मुश्किल है राह**

प्रिंस के लिए जगह बनाने इस वजह से भी मुश्किल नजर आ रहा है, क्योंकि नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को भी टी20 टीम में रखा गया है, जो बल्ले के साथ-साथ गेंदबाजी कर सकते हैं।

अब अगर टीम प्रबंधन प्रिंस की काबिलियत से बहुत ज्यादा प्रभावित होगा, तो उन्हें मौका मिलने की उम्मीद सिर्फ आयरलैंड के खिलाफ नजर आ रही है। दिक्कत यह है कि आयरलैंड के खिलाफ भारत को सिर्फ दो ही टी20 खेलने हैं। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि क्या प्रिंस को इस दौरे पर ले जाने का फैसला सही है? चयनकर्ताओं के पास यह भी विकल्प था कि वह प्रिंस को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज में भारत ए टीम की ओर से भेजते। इस सीरीज में प्रिंस को कम से कम मैदान पर उतरने का मौका मिलता और वह अपनी गेंदबाजी की धार दिखा पाते।

### वैभव सूर्यवंशी पर पड़ रहा जरूरत से ज्यादा दबाव : कपिल देव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन के बूते वैभव सूर्यवंशी की भारतीय टी20 टीम में एंट्री हो चुकी है। 15 वर्षीय बल्लेबाज को आयरलैंड-इंग्लैंड और एशियन गेम्स 2026 के लिए चुनी गई भारतीय टी2- टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि अभी वैभव को लंबा रास्ता तय करना है।

**कपिल बोले- वैभव को खुद पर देना होगा ध्यान**

भारत को पहला विश्व कप जिताने वाले कप्तान ने कहा, वैभव सूर्यवंशी जाहिर तौर पर खास टैलेंट हैं, लेकिन उन्हें अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। इसमें कोई शक नहीं है कि उन्होंने क्लब क्रिकेट और आईपीएल में जबरदस्त बल्लेबाजी करके अपनी काबिलियत को दिखाया है। हालांकि, वैभव को अभी खुद पर ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि उन्हें बहुत दूर तक जाना है। इस समय पर हम सभी उन पर जरूरत से ज्यादा दबाव डाल रहे हैं।

# पांच बल्लेबाजों ने महिला टी-20 विश्वकप में खेली है सबसे बड़ी पारी, लिस्ट में एक भारतीय

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप का रोमांच शुरू होने में अब कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है। एक बार फिर बल्लेबाजों से बड़ी पारी देखने की उम्मीद होगी।



महिला टी20 विश्व कप 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 11 जून से इंग्लैंड की धरती पर इस मेगा इवेंट का आयोजन होना है। महिला क्रिकेट में भी कई बड़े स्कोर बनते हुए दिखते हैं। आइए आपको उन पांच बल्लेबाजों के नाम बताते हैं, जिन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेली है। दिलचस्प बात यह है कि इस लिस्ट में एक भारतीय खिलाड़ी का नाम भी शामिल है।

**मेग लेनिंग:** ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज मेग लेनिंग के नाम महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। लेनिंग ने साल 2014 में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली थी। उन्होंने महज 67 गेंदों का सामना कररते हुए 126 रन बनाए थे।

**डिएंड्रा डॉटिन:** वेस्टइंडीज की धाकड़ बल्लेबाज ड्रिएंडा डॉटिन टी20 विश्व कप में दूसरी सबसे बड़ी पारी खेलने वाली बल्लेबाज रही हैं। उन्होंने 2010 में हुए विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 45 गेंदों में 112 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

**हीथर नाइट:** महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड की बल्लेबाज हीथर नाइट का नाम दर्ज है। उन्होंने 2020 में थाईलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शानदार बैटिंग करते हुए 66 गेंदों में 108 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

**हरमनप्रीत कौर:** भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2020 में हुए महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 51 गेंदों में 103 रनों की दमदार पारी खेली थी। हरमनप्रीत ने अपनी इस पारी में सात चौके और आठ छक्के लगाए।

**मुनीबा अली:** पाकिस्तान टीम की बल्लेबाज मुनीबा अली के नाम महिला टी20 विश्व कप में पांचवीं सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2023 में हुए विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंदों में 102 रनों की दमदार पारी खेली थी। मुनीबा ने अपनी इस इनिंग में 14 चौके जमाए थे।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जीता खिताब, पांच सेट तक चले रोमांचक फाइनल में कोबोली को दी मात

**नई दिल्ली।** जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आखिरकार अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। रविवार को खेले गए फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुष एकल फाइनल में ज्वेरेव ने इटली के फ्लेवियो कोबोली को पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-4, 6-7(5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस मुकाबले में ज्वेरेव ने चार घंटे 20 मिनट तक चले संघर्ष के बाद जीत हासिल की। मैच का निर्णायक पांचवां सेट जीतते ही ज्वेरेव भावुक हो गए।



**तीन फाइनल हारने के बाद मिली पहली बड़ी सफलता**

विश्व नंबर-3 ज्वेरेव इससे पहले तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल हार चुके थे। उन्हें 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में निराशा हाथ लगी थी। लेकिन इस बार उन्होंने दबाव के क्षणों में शानदार संयम दिखाते हुए अपने करियर का पहला मेजर खिताब जीत लिया।

**पहले सेट में ज्वेरेव का दबदबा**

ज्वेरेव ने मुकाबले की शानदार शुरूआत की और पहले ही गेम में सर्विस ब्रेक हासिल कर लिया। उनकी दमदार सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने कोबोली पूरी तरह संघर्ष करते नजर आए। महज 34 मिनट में पहला सेट 6-1 से ज्वेरेव के नाम रहा।

**कोबोली ने की शानदार वापसी**

अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल रहे कोबोली ने दूसरे सेट में जबरदस्त वापसी की। उन्होंने आक्रामक खेल दिखाते हुए ड्रॉप शॉट्स का बेहतरीन इस्तेमाल किया और 4-4 की बराबरी पर ज्वेरेव की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए उन्होंने सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

**तीसरे सेट ने बदली मैच की दिशा:** तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बचाए रखीं, लेकिन 10वें गेम में कोबोली की कुछ गलतियों का फायदा उठाकर ज्वेरेव ने महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और सेट 6-4 से जीतकर फिर बढ़त बना ली।

# डेब्यू टेस्ट में चमके मानव सुथार, पहले ही मैच में पांच विकेट लेने वाले 10वें भारतीय बने

**मुल्लांपुर।** भारतीय स्पिनर मानव सुथार ने डेब्यू टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया। सुथार ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की पहली पारी में छह विकेट झटके। वह भारत के 10वें गेंदबाज हैं जिन्होंने डेब्यू टेस्ट में फाइव विकेट हॉल पूरा किया है।

बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज मानव सुथार ने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में ही चमक बिखेरी और वह फाइव विकेट हॉल पूरा करने में सफल रहे। मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन सुथार ने यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। मानव सुथार की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर ढेर कर दी है। भारत ने पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन पर घोषित की थी। इस तरह भारत को 412 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हुई है। भारत ने अफगानिस्तान को फॉलोऑन देने का फैसला किया है जिसके बाद टीम दूसरी पारी में खेलने उतरी।



**रहमत के अलावा नहीं चला कोई बल्लेबाज**

भारत ने पहली पारी में दमदार बल्लेबाज किया था। भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक लगाए थे। वहीं, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर ने अर्धशतक लगाए थे। अफगानिस्तान की टीम भारत को ऑलआउट नहीं कर सकी थी और टीम इंडिया ने दूसरे दिन चायकाल से पहले पारी घोषित करने का फैसला किया था। अफगानिस्तान की पहली पारी तीसरे दिन पहले सत्र में ही ढेर हो गई। अफगानिस्तान के लिए सिर्फ रहमत शाह ने 60 रन की पारी खेली। अन्य बल्लेबाज फ्लॉप रहे। भारत की ओर से डेब्यू कर रहे मानव सुथार ने छह विकेट झटके। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा को तीन और वाशिंगटन सुंदर को एक विकेट मिला।

**टेस्ट डेब्यू पर भारतीय गेंदबाज का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

मानव ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहली पारी में 33 रन देकर छह विकेट लिए जो किसी भारतीय गेंदबाज का टेस्ट डेब्यू पर पहली पारी में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह रिकॉर्ड नरेंद्र हिरवानी के नाम है जिन्होंने 1988 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू की पहली पारी में 61 रन देकर आठ विकेट लिए थे। वहीं, 1967 में आबिद अली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में 55 रन देकर छह विकेट और दिलीप जोशी ने 1979 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 103 रन देकर छह विकेट लिए थे। सुथार 10वें भारतीय हैं जिन्होंने टेस्ट डेब्यू पर फाइव विकेट हॉल पूरा किया है, जबकि सातवें भारतीय स्पिनर हैं जो पहले ही टेस्ट में यह कीर्तिमान अपने नाम कर सके हैं।

### गेंद और बल्ले दोनों से दिया योगदान

अफगानिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में युवा स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने गेंदबाजी में बेहद किफायती और प्रभावी स्पेल डाला। वहीं, बल्लेबाजी में भी मानव ने उपयोगी योगदान देते हुए 41 गेंदों पर 28 रन बनाए, जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। अपने पहले ही टेस्ट मैच में गेंद और बल्ले दोनों से प्रभाव छोड़कर मानव सुथार ने भारतीय क्रिकेट में अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत दस्तक दे दी है।

# एक शॉट के लिए हजार गेंद खेल जाते थे वैभव सूर्यवंशी
## कैसे पुल-एरियल शॉट पर पाई महारत




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में अपने दमदार प्रदर्शन के बाद सीनियर टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। वैभव के लिए इतनी कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना आसान नहीं रहा।

वैभव सूर्यवंशी के लिए समस्तीपुर से पटना का सफर सही मायनों में वरदान बन गया। कोविड के दिनों में पिता संजीव बेटे को सप्ताह में चार दिन समस्तीपुर से पटना कोच मनीष ओझा के पास लेकर आते थे। संजीव के साथ वैभव के अलावा समस्तीपुर से लाए गए पांच गेंदबाज भी होते थे। ये गेंदबाज खुद भी अभ्यास करते थे, लेकिन संजीव का पिता निर्देश होता था कि वे वैभव को बल्लेबाजी कराएंगे।

संजीव मैदान के एक कोने में बैठकर वैभव का अभ्यास देखा करते थे। कोच ने देखा वैभव को पुल और हुक के अलावा एरियल शॉट लगाने में मजा आता है। इसके बाद उन्होंने अपनी अकादमी के गेंदबाजों और पिता के साथ लाए गेंदबाजों को एक शॉट पर छह सौ से हजार गेंदें वैभव को फिंकवाने का लक्ष्य रखा। यह सिलसिला लंबे समय तक चला। मनीष बताते हैं कि यही कारण है कि पुल, हुक और एरियल शॉट वैभव के हाथों की मांसपेशियों में समां (मसल्स मैमोरी) गए हैं। तभी तो वैभव कोई भी गेंदबाज हो, सफाई से ये शॉट लगाने में बिल्कुल नहीं हिचकते हैं।


### तब कोच ने बोला देश के लिए खेलेगा वैभव

मनीष बताते हैं कि कोविड के ही दिन थे। उनकी तबियत ठीक नहीं थी। वैभव पिता के साथ मैदान पर आ चुके थे। उन्होंने वैभव को अभ्यास नहीं कराया और सीधे मैच में उतार दिया। विरोधी टीम में एक रणजी क्रिकेटर और कई अंडर-23, 19 क्रिकेटर खेल रहे थे। इस मैच में 10 साल के वैभव ने 93 गेंद में 118 रन बनाए और आठ छक्के लगाए। सभी छक्के 75 मीटर से ऊपर के थे। तभी उन्होंने पास में बैठे वैभव के पिता को बोला था कि आपका बेटा एक दिन देश के लिए खेलेगा, लेकिन यह नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी ही उसे खेलने का मौका मिलेगा।

### पिता ने कर्ज में डूबकर वैभव को कराई तैयारी

पूर्व रणजी क्रिकेटर मनीष ने अमर उजाला को बताते हैं कि वैभव की सफलता में उनके पिता का बहुत बड़ा त्याग छुपा है। वह जब वैभव और साथी गेंदबाजों को कोविड के दौरान पटना लाते थे तो कर्ज में डूबे थे। उन्होंने अपने दोस्तों और कई लोगों से कर्ज ले रखा था, लेकिन उन्होंने कभी वैभव को इसका जिक्र नहीं किया। वह उन्हें इस बारे में बताते थे। मनीष बताते हैं कि यह कर्ज 25 से 50 लाख रुपये तक हो गया था। जब वैभव आईपीएल में राजस्थान के लिए चयनित हुए तो इस राशि से उन्होंने सारा कर्ज चुकाया।

# मैच के दौरान एक बार फिर मैदान पर गिर पड़े एरिक्सन, मैच हुआ रद्द



**ओडेंसे।** डेनमार्क के खिलाड़ी क्रिस्टियन एरिक्सन एक बार फिर मैच के दौरान मैदान पर गिर पड़े। दरअसल, डेनमार्क और यूक्रेन के बीच अंतरराष्ट्रीय मैत्री हो रहा था जिस दौरान एरिक्सन गिर पड़े। बाद में इस मैच को रद्द कर दिया गया।

डेनमार्क के मिडफील्डर क्रिस्टियन एरिक्सन रविवार को यूक्रेन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के दौरान मैदान पर गिर पड़े, जिसके चलते मैच को बीच में ही रोकना पड़ा। डेनमार्क की ओर से खेल रहे एरिक्सन 79वें मिनट में अपनी छाती पकड़कर जमीन पर गिर पड़े, जिससे खिलाड़ियों और अधिकारियों में तुरंत चिंता फैल गई। खेल रुकने के बाद चिकित्साकर्मी तुरंत मैदान पर पहुंचे और मिडफील्डर की सहायता की।

**होश में हैं एरिक्सन**

मैच हालांकि, दोबारा शुरू नहीं हो सका और इसे रद्द करना पड़ा। जिस वक्त मैच रुका उस समय डेनमार्क यूक्रेन से 2-1 से आगे चल रहा था। डेनमार्क और यूक्रेन दोनों ही 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं, इसलिए रविवार का यह मैत्रीपूर्ण मैच भविष्य के अंतरराष्ट्रीय मैचों की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। डेनमार्क फुटबॉल महासंघ ने बाद में सोशल मीडिया पर पुष्टि की है कि एरिक्सन होश में थे और घटना के बाद उन्हें चिकित्सा सहायता दी जा रही थी। डेनमार्क फुटबॉल महासंघ ने कहा, एरिक्सन होश में हैं और मौजूदा परिस्थितियों में उनकी हालत ठीक है।

टीवी फुटेज में डेनमार्क के मैच के 65वें मिनट में 34 साल के एरिक्सन को दोनों हाथों से अपनी छाती पकड़े हुए देखा गया। अगली टीवी फुटेज में एरिक्सन जमीन पर थे और खिलाड़ी उनके आस-पास थे। डेनमार्क टीम के डॉक्टर मोर्टन बोसेन ने कहा कि एरिक्शन ठीक हैं और खुद चलकर मैदान से बाहर आए। पेसमेकर ने वैसा ही काम किया जैसा करना चाहिए था। डॉक्टर बोसेन ने कहा कि वह कुछ देर के लिए बेहोश हो गए थे, लेकिन बहुत जल्दी होश में आ गए। अब अस्पताल में उनकी और जांच होगी ताकि पता चल सके कि यह घटना क्यों हुई।

**बीच मैच में पड़ा था दिल का दौरा**

इस घटना ने 2021 की उन डरावनी यादों को ताजा कर दिया, जब कोपेनहेगन में फिनलैंड के खिलाफ यूरो 2020 मैच के दौरान एरिक्सन गिर पड़े थे और उन्हें जान बचाने वाला सीपीआर ट्रीटमेंट दिया गया था। फिनलैंड के खिलाफ मैच के 43वें मिनट में उनके गिरने के कारण खेल को लगभग 90 मिनट के लिए रोकना पड़ा था, जिसके बाद दोनों टीमों ने खेलना जारी रखने का फैसला किया। फिनलैंड ने यह मैच 1-0 से जीता था। बाद में एरिक्सन के शरीर में एक खास उपकरण लगाया गया, जिसे 'इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डिफिब्रिलेटर' (आईसीडी) कहा जाता है।

**एरिक्सन का करियर**

एरिक्सन ने प्रीमियर लीग में 310 मैच खेले हैं। वह 2013 से 2020 के बीच टोटेनहम में थे। वह एजेक्स, ब्रेंटफोर्ड और इंटर मिलान के लिए भी खेल चुके हैं। उन्होंने 151 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 46 गोल किए हैं।